52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 18.1 °c
अधिकतम 32.8 °c

**अमृतवाणी**
अगर आप के अंदर आत्मविश्वास की कमी हो जाती है, तो ये दुनिया डरावनी नजर आती है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

जब कांग्रेस खतरे में आती है तो, संविधान खतरे में होने का शोर करती है : मोदी

सूर्योदय : 6:23 सूर्यास्त : 5:44 | वर्ष : 52/ अंक : 290 | शनिवार, 19 अक्टूबर 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, द्वितीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

झूट पर झूट बोलते हैं जो.... बात उनकी कोई नहीं सुनता.....

# बड़ा ऐलान : एसपी ट्रैफिक बोले-अवैध रिक्शाएं सड़कों पर दिख न जाएं

## देर से ही सही प्रशासन और नेताओं के जागने का बुलेटिन ने किया धन्यवाद

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** सोया हुआ प्रशासन शायद आमजन के मुखर होने के बाद आज जाग ही गया। दरअसल अवैध ई- रिक्शाओं पर बुलेटिन ने लगभग दो माह पहले मुहिम चलाते हुए धरना दिया था, यह तो सर्वविदित है। धरना समाप्त होने के बाद प्रशासन इस मुगालते में था कि शायद अब सबकुछ शान्त हो जाएगा और बात खत्म हो जाएगी, मगर बात खत्म नहीं हुई, आम जनता के भरोसे बुलेटिन ने लगातार अपनी विरोध की मुहिम जारी रखी। धरने के बाद बुलेटिन मुख्यमंत्री तक भी अपनी मुहिम को लेकर विरोध जताने के लिए पहुंचा और हाथोंहाथ मुख्यमंत्री द्वारा प्रशासन को सिर्फ मुजफ्फरनगर ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश के लिए भी निर्देश दिये गए।

उसके बाद स्थानीय प्रशासन ने बैठकर योजना बनाई और आज उसे अमलीजामा पहनाया गया। एसपी ट्रैफिक ने खुले शब्दों में उन रिक्शा चालकों को यह बता दिया जो अब तक यह पूछते थे कि वह अपनी ई-रिक्शा कहां ले जाएं। एसपी ट्रैफिक ने उन्हें आज यह साफ शब्दों में कहा कि इस बात की ठेकेदारी प्रशासन की नहीं है। जिसके घर में अवैध ई-रिक्शा खड़ी है, वह अपनी ई-रिक्शा वहीं रखे। इसका जिम्मा प्रशासन का नहीं है। कोई भी व्यक्ति बिना लाइसेंस, बिना कागजों के पूर्ण हुए, यदि उक्त ई-रिक्शाएं सड़कों पर उतरी तो हर हाल में सीज की जाएंगी। इतना ही नहीं कोई नाबालिग इन ई-रिक्शाओं को नहीं चलाएगा और न ही कोई अति वृद्ध व्यक्ति इन ई-रिक्शाओं को चलाता दिखे।

त्यौहारों से पहले बेबाकी के साथ एसपी ट्रैफिक द्वारा दिये गए बयान पर सब हैरत में तो रह ही गये मगर साथ ही साथ सभी ने इस बात की प्रशंसा की और कहा कि शायद अब शहर में सुधार की उम्मीद जिंदा हुई है। आमजन ने जिलाधिकारी की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में नगर का मुखिया यदि समाज के कार्यों के प्रति सजग एवं सचेत हो तो नगर में व्यवस्थाएं बनाना कोई मुश्किल काम नहीं है। अगले कुछ दिनों में जब लोगों को इन अवैध ई- रिक्शाओं से सड़कों पर राहत मिलती दिखाई देगी तो वास्तव में नेताओं एवं प्रशासन की वाहवाही की जाएगी।



### व्यवस्थाएं लागू होने पर बुलेटिन करेगा प्रशासन का सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** जैसा कि बुलेटिन ने अपने धरने से आश्वासन दिया था कि जो भी अधिकारी व नेता इस शहर को अवैध ई रिक्शाओं की समस्या से निजात दिलाएगा बुलेटिन बेबाकी से ऐसे प्रशासन का सम्मान करेगा। इसी के साथ साथ नियम पुख्ता रूप से लागू होने के बाद इस कड़ी में नेताओं को भी इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया जायेगा। जो नेता इस कार्य के प्रयास में लगे हैं, उन्हें बुलेटिन खुद जाकर सम्मानित करेगा।

## सड़कें होंगी खुली तो उत्साह के साथ ग्राहक भी उतरेगा बाजारों में

**मुजफ्फरनगर।** बस अब दीपावली के दस दिन ही बाकी मानो और उससे पहले करवाचौथ का पर्व भी आ चुका है। ऐसे में घरेलू खरीदारी करने के लिए ग्राहक सड़कों पर उतरेंगे और अब ये सड़कें अवैध ई रिक्शाओं के जाम से मुक्त दिखाई देंगी तो ग्राहक इस किचकिच से दूर रहेगा कि बाजार में जाओ, तो भीड़भाड़ ही मिलती है। मगर अब ऐसा नहीं होगा ग्राहक खुशी खुशी आएगा, जमकर खरीदारी करेगा और घर प्रशासन को दुआएं देता हुआ वापस लौटैगा। दरअसल हमारा शहर पहले ही छोटी सड़कों वाला शहर है। ऐसे में अतिक्रमण और अवैध ई रिक्शाओं से मुक्ति मिलते ही सड़कें अपने आप चौड़ी हो जाएंगी और आराम से महिलाएं, बुजुर्ग व बच्चे इन सड़कों पर खुशनुमा माहौल में खरीदारी करते दिखाई देंगे व अपने त्यौहार को खुशी खुशी मनाएंगे।

## जल्द ही होंगे रूट और कलर तय

**मुजफ्फरनगर।** रूट और कलर की बात बुलेटिन द्वारा अपने धरने से पहले ही बता दी गयी थी। शहर में अलग अलग स्थानों पर जाने के लिए अलग अलग ई रिक्शाओं का रूट तय किया जायेगा। उदाहरण के लिए हरे रंग की रिक्शा खालापार, लाल रंग की रिक्शा राणा चौक से सहारनपुर अड्डा, सफेद रंग की रिक्शा- गांधी कॉलोनी, ओरेन्ज कलर की रिक्शा नई मण्डी आदि अलग-अलग रूट पर जाएगी। इसी के साथ साथ रिक्शा के नाजायज पैसे लेने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा। कहां से कहां तक की दूरी तय करने के लिए दिन और रात कितने कितने रुपये ई-रिक्शा चालक मांगेगा उसी हिसाब से उसके पैसे तय करा दिये जाएंगे, क्योंकि रात्रि में एकाध सवारी बैठाकर ही ई रिक्शा चालक को चलना पड़ता है, ऐसे में जो रिक्शा अपने गंतव्य तक पहुंचाने के दिन में 10-15 रुपये लेगी, रात्रि में उसके 25 रुपये तय होंगे। उक्त सभी योजना वैध रिक्शा चलाने वालों के साथ बैठक कर प्रशासन सम्भवतः दीपावली के बाद तय करेगा क्योंकि त्यौहार सिर पर हैं, ऐसे में फिलहाल अवैध ई रिक्शाओं से निजात मिलेगी, इतना ही काफी है।

## भगत सिंह रोड पर ई-रिक्शाओं के साथ चौपहिया जाने की भी बनेगी योजना

**मुजफ्फरनगर।** जब एक रिक्शा वाला भगत सिंह रोड पर अपनी रिक्शा लेकर जा सकता है तो शहर के रसूखदार लोग भगत सिंह रोड पर अपना चौपहिया वाहन लेकर भगत सिंह रोड पर क्यों नहीं ले जा सकते। हालांकि दीपावली पर तो दोनों ही चीजों का प्रतिबंध रहेगा, न ही दिवाली के दौरान ई रिक्शाएं अधिक संख्या में भगत सिंह रोड पर न जाएं और न ही चौपहिया वाहन मगर दीपावली के बाद चौपहिया वाहन जाने की इजाजत भी इस शर्त पर मिल पाएगी कि जो वाहन अपने मालिक व मालकिन को उतारकर वापस उसे पार्किंग में लाकर खड़ी करेगा उसे भगत सिंह रोड की ओर जाने दिया जाएगा, क्योंकि चौपहिया वाहन भगत सिंह रोड पर न जाने से बड़े बड़े व्यापारियों का रोजगार ठप्प होता है। अधिकांश स्वर्णकार भगत सिंह रोड पर ही स्थित हैं और जब रसूखदार लोग अपने बच्चों एवं पत्नी के साथ इस रोड पर सोना, कपड़ा, श्रंगार आदि की खरीदारी के लिए जाना चाहते हैं तो उनके चौपहिया वाहनों को शिवचौक पर ही रोक दिया जाता है, जिससे उन्हें तौहीन तो महसूस होती ही है, साथ ही साथ जिस दुकान पर उन्हें जाना है, वहां जाने में भी उन्हें एक अलग वाहन करना पड़ता है, ऐसे में इसकी व्यवस्था भी हर हाल में बनाई जाएगी।

## फावड़ा चलाने वाले किसान अब लहराने लगे महंगे हथियार




**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडिया वायरल होता दिखाई दिया, जिसमें गरीब किसान फावड़े नहीं महंगे महंगे हथियार हवा में लहराते दिखाई दिये और यह हथियार एक दो की संख्या में नहीं, बल्कि दो से ज्यादा संख्या में वीडियो में साफ नजर आए। आश्चर्यजनक बात यह है कि उक्त वीडियो में भाकियू तोमर के पदाधिकारी एवं सदस्य तो महंगे महंगे हथियार लहरा ही रहे हैं, साथ में महिलाओं द्वारा भी इस वीडियो में हथियारों का जमकर प्रदर्शन किया जा रहा है।

इस वीडियो में एक वृद्ध भी बड़े जोशीले अंदाज में डांस करता दिख रहा है। वीडियो में खुल्लम खुल्ला दिखाई दे रहा है कि इस कार्यक्रम के दौरान बैनर पर भाकियू तोमर का नाम साफ तौर पर लिखा हुआ है। कार्यक्रम में पूरी मौज मस्ती की जा रही है। किसी को इस कार्यक्रम का उद्देश्य समझ नहीं आ रहा है। मुख्यतः इस कार्यक्रम का उद्देश्य वीडियो देखने से सिर्फ हथियारों का प्रदर्शन करना दिखाई दे रहा है। वीडियो साफ तौर पर यह महसूस करा रही है कि भाकियू तोमर अब लाचार, गरीब किसानों की नहीं बल्कि दबंग हथियार लहराने वालों की संस्था बन चुकी है। एक समय में जहां किसान हल और फावड़े को अपनी शान मानकर उसे अपने मेहनत के प्रतीक के रूप में दिखाते थे, अब यही किसान किस ओर इशारा करना चाह रहे हैं, उनकी मंशा उन्हें ही पता होगी। वीडियो देखने वालों को यह लग रहा है जैसे किसान अब किसी प्रकार से भी लाचार और गरीब नहीं रहा, बल्कि हथियारों के प्रदर्शन से वह आम आदमी को डराने की राह पर चल चुका है। इस वीडियो में महिलाओं के चेहरे छुपा दिये गए हैं मगर पुरुषों के चेहरे साफ साफ दिखाई दे रहे हैं। अब दबंग भाकियू तोमर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों पर क्या कार्यवाही होगी यह तो प्रशासन जाने मगर फिलहाल किसान यूनियन की यह दबंगता चर्चा का विषय बनी हुई है। हथियार लहराने वालों में एक कार्यकर्ता मंसूरपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर भी बताया गया है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि इस मामले की वह जांच कर रहे हैं जबकि भाकियू तोमर के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना है कि संगठन के खिलाफ साजिश चल रही है, इसलिए उन्हें इस तरह से बदनाम किया जा रहा है।

### लोहिया बाजार के लोगों ने दिन निकलते ही कराया खुद ही ई-रिक्शाओं का संचालन बंद

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को सुबह 11 बजे लोहिया बाजार के स्थानीय दुकानदारों ने बल्ली लगाकर ई-रिक्शाओं के लिए संचालन ही बंद कर दिया। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि प्रशासन और नेताओं की राह देखते देखते आंखे अब थक चुकी हैं, इसलिए इस शहर के लोगों को अपनी समस्या के समधान के लिए खुद ही सड़कों पर उतरना पड़ेगा। जैसे ही लोहिया बाजार में आम जनता के सड़कों पर उतरने की सूचना प्रशासन को मिली तो तुरन्त ही दो सिपाही लोहिया बाजार के कोने पर खड़े हो गए और उन्होंने सिर्फ उन्हीं रिक्शाओं को अंदर जाने की इजाजत दी, जिन्हें अपनी सवारियां अथवा सामान लोहिया बाजार में अंदर उतारना था। इस पर तुरन्त बुलेटिन टीम वहां पहुंची और पूरे

शेष - पृष्ठ-4 पर

### कार व बाइक की भिड़ंत दो युवकों की मौत

**मोरना, 18 अक्टूबर (बु.)।** बेहड़ा सादात मार्ग पर कार व बाईक की भिड़ंत हो गई जिसमे बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के दो युवक सौरव कुमार व तुषार पुत्र डॉ. अजय धीमान शुक्रवार की शाम मोरना से बेहड़ा सादात की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह भोपा थाना क्षेत्र के गांव भिड़ाहेड़ी भट्टे के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही कार से बाईक की भिड़ंत हो गई। तेज धमाके के साथ हुई जोरदार भिड़ंत मे बाईक के परखच्चे उड़ गये तथा वे दोनों सड़क किनारे खेत मे जाकर गिरे। हादसे में सौरव कुमार व तुषार धीमान गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों की सहायता से घायलों को एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया। वहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। भोपा थाना पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। दो युवकों की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।



## फांसी के फंदे पर झूलती मिली गरीब की सड़ी गली लाश





मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)। नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र की बचन सिंह कॉलोनी में दिन निकलते ही उस समय सनसनी फैल गयी जब एक गरीब युवक की सड़ी गली लाश फांसी के फंदे पर झूलती मिली। दरअसल मेरठ जनपद के थाना कंकरखेड़ा गांव का निवासी अमन सैनी बचन सिंह कॉलोनी में पिछले दो माह से अरविन्द के मकान में किराये पर रह रहा था। उक्त गरीब किसी कारण से परेशान बताया जाता था। शुक्रवार को सुबह पड़ौसियों ने सूचना दी कि उन्हें मकान से किसी शव की दुर्गन्ध आ रही है। सूचना पर तुरन्त पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक अमन के कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो अमन का शव पंखे से फंदे पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी सूचना अमन के पिता रामफल को दी गयी तो उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका बेटा किसी बात को लेकर तनाव में चल रहा था और उसे समझा बुझाकर कई बार घर भी बुलाया गया मगर वह घर नहीं आया। पुलिस अमन के आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। अमन सैनी के मोबाइल में कोई ऐसी संदिग्ध कॉल नहीं मिली जिससे उसकी कोई मनमुटाव की वार्ता हुई हो तथा 13 अक्टूबर से अमन एक वैल्डिंग की दुकान पर कार्य कर रहा था। पुलिस ने अमन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।







## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 19 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1630: बोस्टन में पहली बार आम अदालत का आयोजन किया गया था। 1739: इंग्लैंड ने स्पेन पर युद्ध की घोषणा की थी। 1853: अमेरिका के हवाई प्रांत में पहली आटा चक्की शुरू की गयी थी। 1889: फ्रांसीसी नेता नेपोलियन बोनापार्ट ने रूस की राजधानी से अपनी सेना हटाई थी। 1900: जर्मन वैज्ञानिक माक्स प्लांक ने ह्यप्लांक का नियमह्व प्रतिपादित किया था। इसे ह्यब्लैक बॉडी एमिशनह्व का नियम भी कहा जाता है। 1915: रूस और इटली ने बुल्गारिया पर युद्ध की घोषणा की थी। 1926: जॉन सी गैरेंड ने सेमी ऑटोमेटिक राइफल का पेटेंट कराया था। 1932: ब्रिटिश सरकार ने सोवियत संघ के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। 1932: फोर्ड मोटर कंपनी के मालिक हेनरी फोर्ड ने रेडियो पर अपना पहला भाषण दिया था। 1950: मदर टेरेसा ने कलकत्ता (भारत) में मिशनरी ऑफ चैरिटिज की स्थापना की थी। 1960: नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन चलाने वाले अमेरिका के मार्टिन लूथर किंग-जूनियर को अटलांटा में गिरफ्तार किया गया था। 1970: भारत में निर्मित पहला मिग झ्र 21 विमान भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था। 2004: चीन ने अपना पहला व्यावसायिक मौसम उपग्रह छोड़ा। 2005: ईराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के खिलाफ बगदाद में सुनवाई शुरू। 1903: हिन्दी फि ल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार आर. सी. बोराल का जन्म हुआ। 1910: खगोल भौतिक शास्त्री सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर का जन्म हुआ था। 1910: खगोल भौतिक शास्त्री सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर का जन्म हुआ था। 1961: हिन्दी फिल्म अभिनेता सनी देओल के नाम से प्रसिद्ध अजय सिंह का जन्म हुआ था। 1745: मशहूर किताब गुलीवर की यात्राएं के लेखक जोनाथन स्विफ्ट का निधन हुआ। 1971: प्रसिद्ध साहित्यकारों में से एक रामअवध द्विवेदी का निधन हुआ।

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर, (बु.)। मंडी में गुड़-शक्कर के भाव:- ढैया 1430, रसकट ढैया 1100-1120, चाकू 1400-1611, लड्डू 1400-1450, खुरपापाड़ 1300-1360, शक्कर मसाला 1540-1570। आज की मंडी आमद- 6000 मन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 79400 | चांदी- | 93100 |
| सिक्का- | 11000 | गिन्नी- | 59385 |

## आपका आज का राशिफल

शनिवार, 19 अक्टूबर, 2024

**मेष-** किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, मांगलिक आयोजन सम्पादित, विरोधियों का वर्चस्व कम, अकल्पित लाभ।

**वृषभ-** आज दिन 4/10 बजे तक कठिनाइयां, अभीष्ट सिद्धि में विलम्ब, योजना अधूरी, आपसी सम्बन्धों में कटुता, शेष समय में ग्रहस्थिति अनुकूल, शारीरिक सुख।

**मिथुन-** आज दिन 4/10 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, परिजनों से सहयोग, शेष समय में घरेलू समस्याओं से मानसिक राहत, सुख।

**कर्क-** कठिनाइयों का निराकरण, व्यावसायिक क्षेत्र में अपरिवर्तन, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, आपसी सलाह से कामयाबी, इच्छा के अनुकूल घटनाएँ घटित।

**सिंह-** साहसिक प्रयास प्रगति पर, सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, आहार-विहार में नवीनता, आपसी सम्बन्ध मधुर, इच्छित पद की प्राप्ति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

**कन्या-** आज दिन 4/10 बजे तक सफलता में संदेह, आर्थिक निराशा, शंका-कुशंका से मतभेद, शेष समय शुभ, नौकरी में पदोन्नति, वैवाहिक अड़चनें समाप्त।

**तुला-** आज दिन 4/10 बजे तक व्यापार में धन निवेश, कार्य क्षमता में वृद्धि, अकल्पित लाभ, यात्रा सार्थक, शेष समय में प्रतिकूलता, स्वास्थ्य प्रभावी, हानि।

**वृश्चिक-** नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, शुभ कार्यों में व्यय की अधिकता, दाम्पत्य जीवन मधुर, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, हर्ष भी।

**धनु-** पराक्रम से कार्य सफल, व्यवसाय में उपस्थित व्यवधान समाप्त, अकल्पित लाभ, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, मनोविनोद के सुअवसर।

**मकर-** आज दिन 4/10 बजे तक असफलता, सुख शांति का अभाव, संकल्प-विकल्प की स्थिति, यात्रा में कष्ट, शेष समय में दिनचर्या व्यवस्थित, सुयश।

**कुम्भ-** आज दिन 4/10 बजे तक समय उन्नतिकारक, आरोग्य सुख, योजना साकार, पठन-पाठन में रुचि, शेष समय विपरीत घटनाएँ घटित, सोचे हुए कार्य अधूरे।

**मीन-**कार्य व्यवसाय प्रगति की ओर अग्रसर, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में हल, दूसरों के आश्वासनों से राहत, आवागमन में अनुकूलता, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# मीरापुर उपचुनाव के लिए पोलिंग बूथों पर सम्पूर्ण व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट

## एडीएम प्रशासन और एडीएम वित्त ने प्रभारी अधिकारियों संग ली बैठक, बूथों पर बिजली, पानी, सीसीटीवी कैमरे पर दिया जोर



मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)। अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह एवं अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व गजेंद्र कुमार की उपस्थिति में जिला पंचायत सभागार में अधिकारियों के साथ मीरापुर विधानसभा उप निर्वाचन को सकुशल शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने निर्वाचन कार्यों में लगाए गए प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों को सभी निर्वाचन से संबंधित कार्य व्यवस्था समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था बिजली , पानी, फर्नीचर, शौचालय, निर्वाचन सामग्री किट, छोटे-बडे वाहन आदि की पर्याप्त व्यवस्था हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसभा, रैली एवं त्यौहार के अवसर पर विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाये साथ ये भी ध्यान रखें कि कोई भी तार ढीला या जर-जर हालत में न हो। निर्वाचन से सम्बन्धित किसी भी कार्य में शिथिलता न बरती जाये। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला को ब्लैकमेल करने वाला आरोपी पकड़ा

### वीडियो वायरल करने की दे रहा था धमकी, मांगे पैसे

छपार, 18 अक्टूबर (बु.)। छपार पुलिस ने महिला को ब्लैकमेल कर उसकी वीडियो इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी के मामले में आरोपी को पकड़ जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने छपार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि एक आरोपी ने उसे फोन पर ब्लैकमेल कर उससे शारीरिक संबंध बनाने एवं बीस हजार रुपए दिए जाने की मांग की गई। पुलिस ने उक्त मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार में आरोपी रोहित निवासी गांव बसेडा थाना छपार को पकड़ जेल भेज दिया। उधर पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के प्रकरण में भी चार लोगों को पकड़ चालान किया गया। पकड़े गए लोग हरियाणा व दिल्ली के निवासी बताये गए।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने किया उचित दर विक्रेता दुकानों का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

खतौली, 18 अक्टूबर (बु.)। लगातार मिल रही शिकायतों को लेकर उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने पूर्ति निरीक्षक के साथ क्षेत्र की सरकारी उचित दर की राशन वितरण दुकानों पर निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

मिली जानकारी के अनुसार उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने पूर्ति निरीक्षक राजेश कुमार के साथ नगर व ग्रामीण क्षेत्र की सहकारी क्रय विक्रय समिति सहित ग्राम उमरपुर लिसौडा व ग्राम लाडपुर में उचित दर विक्रेता दुकानदारों का बारीकी से निरीक्षण किया तथा डीलर द्वारा उपभोक्ताओं को राशन की वस्तुस्थिति का भी जायजा लिया। इस दौरान उप जिलाधिकारी राशन के दुकानों से राशन लेने वाले कार्ड धारकों से बातचीत की। इस दौरान उप जिलाधिकारी द्वारा राशन डीलरों को नियमानुसार राशन वितरण करने व केवाईसी करने के साथ साथ खाद्य सामग्री सम्बंधित सभी अभिलेखों को विभाग के निर्देशानुसार पूरा करने के निर्देश दिये गये। उप जिलाधिकारी द्वारा अचानक किये गये



निरीक्षण से खाद्य सामग्री वितरण करने वाले दुकानदारों में खलबली मची रही।

# एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में किया गया गरिमा तोमर का भव्य स्वागत



मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)। एस डी कॉलेज ऑफ लॉ से सम्बद्ध गरिमा तोमर ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सेंट्रल ब्यूरो का इन्वेस्टिगेशन पब्लिक प्रॉसिक्यूटर परीक्षा में 8वी रैंक प्राप्त कर कॉलेज का मान बढ़ाया है। अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर और अपने माता पिता को देते हुए गरिमा तोमर ने कहा कि उनके आशीर्वाद के बिना इस परीक्षा में उत्तीर्ण होना संभव नहीं था। साथ ही उन्होंने कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू गर्ग और निर्देशक मंजू मल्होत्रा के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से वे इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए पर्याप्त समय दे सकी। साथ ही सम्पूर्ण स्टाफ के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू गर्ग ने कहा कि गरिमा तोमर की सफलता से छात्रगण प्रेरणा लेंगे। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग एवं कॉलेज निदेशक मंजू मल्होत्रा ने गरिमा तोमर के सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. मुकुल गुप्त, डॉ. अमित चौहान, डॉ. प्रीति लौर, पूनम शर्मा, बीता गर्ग, डॉ. अभिनव गोयल, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, अमित भारद्वाज, छवि जैन, अनीता सिंह, विपुल कुमार, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, डॉ. दीपक मालिक, उमेश चंद त्रिपाठी, गरिमा तोमर, प्रीति दीक्षित, संजीव कुमार, शुभम सिंघल, विवेक सिरोही एवं मौ. आमिर और छात्र उपस्थित रहे।

# मीरापुर कस्बे में धूमधाम से निकाली गई महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा, सुंदर झांकियों ने मोहा मन



मीरापुर, 18 अक्टूबर (बु.)। कस्बे में श्री वाल्मीकि शोभायात्रा समिति के तत्वाधान में महर्षि वाल्मीकि की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल बैंड बाजों व सुंदर झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। नागरिकों ने विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

मीरापुर के पड़ाव चौक स्थित प्राचीन भगवान वाल्मीकि मंदिर परिसर से शुरू हुई श्री महाकाली शोभायात्रा का श्री वाल्मीकि शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व सभासद सुनील चंचल ने भगवान वाल्मीकि की आरती कर व फीता काटकर शुभारंभ किया।

बैंड बाजों से सुसज्जित शोभायात्रा में भगवान श्री गणेश, श्री महाकाली तांडव, राधा-कृष्णा, शिव-पार्वती तांडव, माँ शेरा वाली, शिव काली तांडव, यज्ञ का घोड़ा लिए लव-कुश, भगवान वाल्मीकि का रथ व ढोल पार्टी समेत अन्य सुंदर झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शोभायात्रा श्री वाल्मीकि मंदिर से शुरू होकर पड़ाव चौक, वैश्य धर्मशाला, सर्राफा बाजार, मैन चौक बाजार, सराय गेट, थाने के सामने से होती हुई नगर के सभी मुख्य मार्गों से होकर गुजरी तथा पुनः वाल्मीकि मन्दिर पर जाकर सम्पन्न हुई

शोभायात्रा का नागरिकों ने कई स्थानों पर जलपान कराकर व पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के चलते इंस्पेक्टर बबलू वर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। व्यवस्था बनाने वालो में मुख्यरूप से समिति के अध्यक्ष सुनील चंचल, सवित कुमार, मोनू शील, विक्रांत शील, पवन चावला, सनी शील, कुलप्रीत, प्रिंस, तुषार, प्रशांत शील, संजय हांडा, शिवा शील, सहदेव समेत वाल्मीकि समाज के लोग शामिल रहे।

# नचिकेता स्कूल में किया गया फ्री डेंटल चेकअप कैम्प का आयोजन




मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)। नचिकेता स्कूल्स फ्री डेंटल चेकअप कैम्प का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डॉ. अश्वनी पुंडीर ने बच्चों के दांतों की जांच की और परामर्श दिया। कैंप में विद्यालय बच्चों के दांतों की जांच की गई और उन्हें दांतो के सही रख-रखाव के उपाय बताए गए। प्रत्येक बच्चे का डेंटल हेल्थ रिपोर्ट कार्ड तैयार कर उन्हें दिया गया है। डॉ. अश्वनी पुंडीर ने बच्चों को बताया कि जितनी जरूरत दांतों की देखभाल की होती है उतनी ही जरूरत मसूड़ों की देखभाल की भी होती है, क्योंकि मसूड़े जितने मजबूत होंगे दांत भी उतने ही मजबूत रहेंगे। हमें ब्रश करने की क्रिया को अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए। सुबह उठने के बाद या नाश्ते के पश्चात और रात में सोने से पहले 5 मिनट समय निकाल कर ठीक से ब्रश करना चाहिए। विद्यालय की उप- प्रधानाचार्या जसबीर कौर व उप-प्रधानाचार्या (एडमिन) विक्की जैन ने इस तरह के कैंप को बच्चों के लिए उपयोगी बताया और डॉ. अश्वनी पुंडीर जी का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# सड़े मीट की तीन गाड़ियां पकड़ी, बदबूदार मीट में रेंग रहे थे कीड़े

## बिजनौर में हो रही थी अवैध तरीके से सड़े मीट की आपूर्ति, खाद्य विभाग ने 3800 किग्रा मीट नष्ट कराया

बिजनौर, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। बिजनौर में अवैध तरीके से सड़े हुए और खराब मीट की आपूर्ति हो रही है। इसका खुलासा तब हुआ, जब खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने शामली से आ रही मीट से भंडारित चार गाड़ियां पकड़ीं। इनमें से तीन गाड़ियों में कमी मिलने पर उनमें रखा हुआ 3800 किलोग्राम भैंस का मीट नष्ट कराया। यह मीट खाने योग्य नहीं था।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम शुक्रवार को बैराज चौकी पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम ने शामली और मेरठ से आ रही मीट की चार गाड़ियों को पकड़ लिया। तीन गाड़ियों में मीट मीम एग्रो फूड प्राइवेट लिमिटेड कैराना शामली से आ रहा था। अभिहीत अधिकारी नादिर अली ने बताया कि नजीबाबाद के जाब्तागंज निवासी मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद सईद की गाड़ी से 1500 किलोग्राम मीट, स्योहारा के गांव मंगलखेड़ा निवासी मोहम्मद साहिल पुत्र नसीम अहमद की गाड़ी से 1800 किलोग्राम, जाब्तागंज निवासी वसीम अहमद पुत्र नफीस अहमद की गाड़ी से 500 किलोग्राम मीट बरामद हुआ। गाड़ी में मीट का रखरखाव ठीक नहीं था। मीट से दुर्गंध आ रही थी। साथ ही रेफ्रिजरेटर भी नहीं था।



इसके अलावा मीट में मक्खी और कीड़े भी थे। इसके एसएचओ किरतपुर, नायाब तहसीलदार, लेखपाल की मौजूदगी में मीट नष्ट कराया। वहीं धामपुर के मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी वसीम पुत्र अब्दुल रशीद की गाड़ी का लाइसेंस मिला। साथ ही गाड़ी में मीट रखने की व्यवस्था भी ठीक मिली है। उस गाड़ी को बिना कार्रवाई भेज दिया।

# प्रियंका गांधी की लाइफ स्टाइल भारतीय संस्कार व संस्कृति के अनुरूप नहीं: भाजपा मंत्री

लखनऊ, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। यूपी सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह के कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर दिए गए बयान पर एक तरफ कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं तो दूसरी तरफ मंत्री ने एक और बयान दे दिया है। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी की लाइफस्टाइल भारतीय संस्कार और संस्कृति के अनुरूप नहीं हैं। बता दें कि लखनऊ में एनएसयूआई के कार्यकताओं ने मंत्री के आवास का घेराव कर नारेबाजी की और अमेठी में विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला जलाया।

मंत्री ने अपने ताजा दिए गए बयान में कहा है कि राजनीतिक सवाल पर राजनीतिक जवाब होता है। प्रियंका गांधी को चाहिए कि अपने कार्यकताओं से बात करें और उन्हें अपनी बात समझाएं। मेरे लिए भारतीय संस्कार और संस्कृति से युक्त हर नारी मां भगवती के समान है, लेकिन मैं प्रियंका गांधी को भारतीय संस्कार और संस्कृति के अनुरूप नहीं पाता हूं। इसलिए किसी से सहमत और असहमत होना हमारा विचार और हमारा अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी हार के डर से रायबरेली से चुनाव नहीं लड़ रही हैं वायनाड से चुनाव लड़ रही हैं। हम लोगों की यह परंपरा है कि चुनाव की शुरूआत हर कोई अपने घर से करता है किंतु पूरे गांधी परिवार का एक भी व्यक्ति कभी भी अपने जन्मस्थान और निवास से चुनाव नहीं लड़ा। गांधी परिवार पीढ़ियों से दिल्ली के लुटियंस जोन में रहता आया है लेकिन कभी भी दिल्ली की किसी भी विधानसभा या फिर लोकसभा सीट से चुनाव नहीं लड़ा। इसका मतलब है कि आपके अपने ही घर की जनता आपको प्रेम नहीं करती है तभी आप बाहर से चुनाव लड़ते हैं। इसके पहले उन्होंने प्रियंका गांधी के वायनाड से चुनाव लड़ने को लेकर टिप्पणी की थी जिस पर कांग्रेस नेताओं ने लखनऊ स्थित उनके आवास के बाहर प्रदर्शन करते हुए मुख्य द्वार पर चोर-बेईमान लिख दिया था।

## फतेहपुर सीकरी में दरगाह या मंदिर, 14 नवंबर को सुनवाई

आगरा, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। आगरा में आर्य संस्कृति संरक्षण ट्रस्ट ने श्रीभगवान श्रीकामाख्या माता मंदिर आदि बनाम उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड आदि का लघुवाद न्यायालय में दायर किया था। शुक्रवार को सुनवाई में विपक्षी संख्या-2 सलीम चिश्ती दरगाह व विपक्षी संख्या-3 जामा मस्जिद फतेहपुर सीकरी के अधिवक्ता ने आदेश 7 नियम 14 सीपीसी के अधीन केस को खारिज करने का प्रार्थनापत्र दिया। 14 नवंबर को अगली सुनवाई होगी। अधिवक्ता ने कहा कि विपक्षी सलीम चिश्ती दरगाह व जामा मस्जिद की तरफ से कहा गया है कि वादी पक्ष ने केस को दाखिल करते समय वाद पत्र के साथ कोई साक्ष्य दाखिल नहीं किए हैं। इस वजह से केस को आदेश 7 नियम 14 सीपीसी के अधीन खारिज करना चाहिए।

## छठ पूजा से पहले झाग-झाग हुई प्रदूषित यमुना

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। दिल्ली बढ़ते वायु प्रदूषण से जूझ रही है। इस बीच शुक्रवार को कालिंदी कुंज इलाके में यमुना नदी पर जहरीला झाग तैरता देखा गया। सुबह 8 बजे राष्ट्रीय राजधानी का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 293 तक गिरकर 'खराब' श्रेणी में आ गया। भाजपा ने प्रदूषण को लेकर अब आम आदमी पार्टी (आप) और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ तीखा हमला किया है। भाजपा ने कहा है कि आप का प्रदूषण कम करने का कोई इरादा नहीं है और वे इस मुद्दे पर केवल आरोप-प्रत्यारोप का खेल खेलते हैं। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से दिल्ली में अअढ सरकार का प्रदूषण कम करने का कोई इरादा नहीं है। प्रदूषण फिर से हानिकारक हो रहा है। नदी और हवा प्रदूषित हैं। लोग काफी परेशान हैं।

# पत्नी से थे अवैध संबंध-सोते समय छोटे भाई को कुल्हाड़ी से काट डाला, हत्या के बाद आरोपी फरार

पीलीभीत, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। पीलीभीत जनपद में पत्नी से अवैध संबंध होने से नाराज युवक ने अपने छोटे भाई की हत्या कर दी। आरोपी ने कुल्हाड़ी से उसके गर्दन और कांधे पर वार किए। गुरुवार रात हुई घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। मृतक के दूसरे भाई की ओर से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।




सूचना मिलने पर खटीमा से आए मृतक के भाई ने बताया कि उसका छोटा भाई न्यूरिया क्षेत्र में वृद्ध मां के साथ श्मशान घाट मां काली मंदिर में रहता था। मंदिर की सेवा करने का कार्य करता था। बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे भोजन करने बाद मां और भाई सोने चले गए। छोटा भाई मंदिर परिसर के बरामद में जाकर लेटा था। रात करीब 12:30 बजे उसके करहाने की आवाज पर मां ने पास जाकर देखा तो वह लहूलुहान अवस्था में मिला। उसकी हालत देख मां के होश उड़ गए। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंच गए। सूचना मिलने पर थाना पुलिस भी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के भाई ने बताया कि युवक के बड़े भाई की पत्नी से अवैध संबंध थे। बड़ा भाई दूसरे शहर में रहकर मजदूरी करता था। अवैध संबंध की जानकारी होने के बाद से दोनों भाइयों में विवाद रहने लगा। इसी रंजिश के चलते बड़े भाई ने उसकी हत्या कर दी। मां ने आरोपी भागते समय देख लिया। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी भाई दो दिन पूर्व से गांव में घूमता दिखाई दे रहा था। इस दौरान वह अपनी मां से मिलने भी नहीं आया। घटना के बाद आरोपी भाई मौके से भाग गया। परिजनों ने उसके मोबाइल फोन पर कॉल किया तो वह स्विच ऑफ था। सीओ सदर विधि भूषण ने बताया कि मामले की सूचना पर जांच पड़ताल की गई। अवैध संबंध के कारण बड़े भाई द्वारा अपने छोटे भाई की हत्या करने की बात सामने आई। मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# ग्राहक बन शराब की दुकान पर पहुंचे डीएम से वसूले दस रुपये अधिक

संभल, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। शराब की दुकानों में चल रहे ओवर रेटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी (डीएम) डॉ. राजेंद्र पैंसिया बृहस्पतिवार रात अचानक शराब की दुकान पर पहुंचे। ग्राहक के रूप में दुकान पर पहुंचे डीएम पहचान छिपाकर ओवर रेटिंग की समस्या का खुद अनुभव किया।

जब डीएम और एडीएम शराब खरीदने के लिए दुकान में पहुंचे, तो सेल्समैन ने उन्हें पहचान लिया। इस बीच, एक अन्य ग्राहक ने बताया कि उसे दस रुपये महंगी शराब की बोतल दी गई है। इस पर डीएम ने तुरंत ओवर रेटिंग की इस शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश दिए, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। डीएम ने इसके बाद जिला अस्पताल का निरीक्षण करने का निर्णय लिया। अस्पताल में जाकर उन्होंने दवाओं की उपलब्धता और कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की। इस दौरान उन्होंने देखा कि कुछ दवाएं उपलब्ध नहीं थीं, और फार्मासिस्ट मौके पर नहीं मिल सका। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए दवाओं की उपलब्धता अंकित करने के लिए हिदायत दी। संभल जिले के गांव बेहटा जयसिंह में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैन्सिया ने किसानों से मुलाकात कर उसके साथ खेतों में धान की कटाई की। डीएम ने फसल उत्पादकता का निरीक्षण करते हुए किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ उठाने के लिए जागरूक भी किया। डीएम ने किसान मुंशी के खेत में जाकर खुद धान की कटाई कर क्रॉप कटिंग भी देखी। इससे आसपास मौजूद अन्य किसानों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने डीएम से कई मुद्दों को लेकर चर्चा भी की। इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। डीएम ने बताया कि त्रिकोणीय आकृति में खेत की कटाई कर-के फसल उत्पादकता का औसत निकाला जाता है, जिसे शासन को भेजा जाता है। उत्पादकता कम होने पर किसानों को फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा मिलता है, जिससे नुकसान की भरपाई हो सके। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक फसल बीमा कराने का आग्रह किया।

## राम गोपाल की पत्नी बोली- मदद नहीं, न्याय दिलाओ

बहराइच, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। बीते रविवार को महराजगंज में मूर्ति विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच हुई हिंसा में जान गंवाने पाले राम गोपाल मिश्रा की पत्नी ने कहा है कि सरकार द्वारा जो उनको व परिवार को मदद दी गई है वह उसे वापस ले और उनको न्याय दिया जाए। वहीं, पिता कैलाशनाथ मिश्रा ने हरदी पुलिस पर अपराधियों के साथ मिले होने का आरोप लगाया है। पिता का कहना है कि यदि उनको न्याय नहीं मिला तो वह परिवार समेत आत्मदाह कर लेंगे। मृतक के गांव व घर के पास पुलिस का कड़ा पहरा है। वहां जाने से रोका जा रहा है। जबकि पीड़ित परिवार सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर सरकार से न्याय मांग दर्द बयां कर रहे हैं।

# एम.जी. पब्लिक स्कूल में अरूपा गायत्री ने किया ओडिसी नृत्य का मनमोहक प्रदर्शन






मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों को भारतीय नृत्य संस्कृति और कला से परिचित कराने के लिए स्पिक मैके के तत्वावधान में ओडिसी नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें देश की प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना अरूपा गायत्री पांडा द्वारा अपने दल के सदस्य कलाकारों के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही उनके द्वारा छात्र-छात्राओं को ओडिसी नृत्य कला के सम्बंध में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में स्पिक मैके के तत्वावधान में ओडिसी नृत्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अतिथि के रूप में देश की प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना अरूपा गायत्री पांडा अपनी पूरी टीम के साथ पहुंची। इस दौरान स्पिक मैके वालिंटयर के रूप में डीएवी डिग्री कॉलेज से रिटायर्ड प्रोफेसर मृदुला मित्तल और नीति मित्तल भी उपस्थित रहीं। यहां प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने उनका स्वागत किया। नृत्यांगना अरूपा गायत्री पांडा ने बताया गया कि यह ओडिसा का शास्त्रीय नृत्य है और इस नृत्य कला के पांच प्रमुख भाग तथा चार भंग हैं। आज स्पिक मैके द्वारा देश की सांस्कृतिक कलाओं और नृत्य संस्कृतियों के संरक्षण के लिए युवाओं के बीच इसके प्रचार प्रसार हेतु ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मधुस्मिता मोहंती जैसे प्रतिष्ठित गुरुओं से प्रशिक्षण लिया। वर्तमान में वह श्री श्री विश्वविद्यालय कटक में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं।

प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अपने सम्बोधन में कहा कि ओडिसी केवल एक नृत्य प्रस्तुति ही नहीं, बल्कि ये एक पूरी संस्कृति और कला सभ्यता है। स्पिक मैके द्वारा भारतीय संस्कृति और कला संरक्षण के लिए जिस प्रकार युवाओं को जोड़ने में जुटा है, वो प्रयास सराहनीय है। उन्होंने स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए नृत्यांगना अरूपा गायत्री पांडा और उनके सहयोगी कलाकारों को सम्मानित किया। संचालन श्रीमती रितु शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

अरूपा गायत्री ने सर्वप्रथम ओडिसी के मंगलाचरण भाग में मां भगवती स्त्रोत की नृत्य प्रस्तुति देकर सभी का मन जीत लिया। इसमें मां दुर्गा की मातृशक्ति और विनाशकारी शक्ति को प्रदर्शित किया। साथ ही अभिमया भाग में उनके द्वारा वल्लभाचार्य की रचना मधुराष्ट्रकम में भगवान श्रीकृष्ण के मुधर सुन्दर स्वरूप और लीलाओं पर आधारित नृत्य कला की मनमोहक प्रस्तुति दी। गायन में राजेश कुमार लेनका, बांसुरी पर रुद्र प्रसाद परिडा और मर्दला पर तारिणी प्रसाद दास ने नृत्यांगना अरूपा गायत्री का साथ दिया। अरूपा गायत्री पांडा ने तीन साल की उम्र में नृत्य की शुरूआत करने के बाद पद्मश्री गुरु गंगाधर प्रधान, पद्मश्री गुरु अरुणा मोहंती और गुरु

# यजवीर का निर्विरोध संचालक बनने पर स्वागत



छपार, 18 अक्टूबर (बु.)। सहकारी गन्ना विकास समिति तितावी के निर्विरोध संचालक चुने गए यजवीर सिंह राठी का हरैंटी गांव में स्वागत किया गया। बरला सर्किल के गांव हरैंटी, लखनौती, सलेमपुर, बरला, फलौदा, भैंसानी, कुतुबपुर, भोजाहेड़ी, मांडला, कुतुबपुर, अब्दुलपुर के दस डेलीगेटों को मिलाकर यजवीर सिंह निर्विरोध निदेशक चुने गए हैं। गांव पहुंचने पर हरैंटी प्रधान विवेक राठी, लखनौती प्रधान रविन्द्र चौधरी, अर्जुन सिंह, धर्मपाल सिंह, बिजेन्द्र सिंह, जगपाल सिंह, बिट्टू राठी, बिजेन्द्र सिंह आदि ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## जस्टिन ट्रूडो की सियासी मुश्किलें

जस्टिन ट्रूडो की अपने देश कनाडा में सियासी मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उनकी लोकप्रियता कनाडाई ग्राफ पर अब 20 से भी घटकर 19 पर आ गयी है, इसका अर्थ यह है कि अगर चुनाव तक उनकी लोकप्रियता का यही हाल रहा, तो उनकी हार हो जाएगी। भारत के खिलाफ उन्होंने जो आरोप लगाए थे, एक कनाडाई आयोग के सामने उन्होंने उनसे पलटी मार ली। कनाडा के प्रधानमन्त्री जस्टिन ट्रूडो ने देश के भीतर विदेशी हस्तक्षेप पर हुई पब्लिक इंक्वायरी में कहा है कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बारे में शुरूआती अनुमान गैंगवार का था, लेकिन दक्षिण एशियाई सांसदों और समुदाय के लोगों ने कहा कि इसके पीछे भारत सरकार का हाथ हो सकता है। पीएम ट्रूडो ने इंक्वायरी में कहा, इस हत्या का उस वक़्त कोई स्पष्ट, तात्कालिक, अंतरराष्ट्रीय लिंक नहीं था। और हत्या के बाद के दिनों में हमें इसी तरह की जानकारी दी गई थी, यानी ट्रूडो सुनी सुनाई बातों पर भारतीय एजेंसियों को कटघरे में खड़ा कर रहे थे। आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों का कोई हाथ था, इसे लेकर उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं था। ट्रूडो के इस खुलासे के बाद उनकी किरकिरी हो रही है। ट्रूडो के ताजा बयान के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कनाडा ने अब तक भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई भी सबूत पेश नहीं किया है। हरदीप सिंह निज्जर को भारत ने खालिस्तान की हिमायत करने वाला आतंकवादी करार दिया था। पिछले साल जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया राज्य के सरे की एक पार्किंग में निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पीएम ट्रूडो के इस खुलासे के बाद कि निज्जर की हत्या का उस वक़्त कोई स्पष्ट, तात्कालिक, अंतरराष्ट्रीय लिंक नहीं था और हत्या के बाद के दिनों में हमें इसी तरह की जानकारी दी गई थी, ने उन आकाओं को भी बेनकाब कर दिया है जिनकी शह पर ट्रूडो ने अपनी संसद में भारत पर बड़े धड़ल्ले से ये बेबुनियाद आरोप लगाए थे। ट्रूडो ने आयोग के समक्ष कहा कि हम भारत को भड़काने या उसके साथ झगड़ा करने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। भारत सरकार ने यह सोचकर भयंकर गलती की कि वे कनाडा की सुरक्षा और संप्रभुता में आक्रामक तरीके से हस्तक्षेप कर सकते हैं। कनाडा के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमें जवाब देना पड़ा। ट्रूडो के बयानों पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब हमने जो सुना है वह इस बात की पुष्टि करता है, जो हम लगातार कहते आ रहे हैं, कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई भी सबूत पेश नहीं किया है। इस लापरवाह व्यवहार ने भारत-कनाडा सम्बंधों को जो नुकसान पहुंचाया है, उसकी जिम्मेदारी अकेले प्रधानमंत्री ट्रूडो की है। कनाडा की रॉयल माउंट पुलिस ने भी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया कि भारतीय एजेंट संगठित अपराध समूह बिश्नोई ग्रुप की मदद से कनाडा में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों, खासकर खालिस्तान समर्थकों को निशाना बना रहे हैं। कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्रा आर्या ने कहा है कि एक हिंदू सांसद के तौर पर वे भी कनाडा में रह रहे हिंदुओं की चिंताओं को महसूस कर पा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो जारी करते हुए उन्होंने कहा,'मैंने हाल ही में हुई घटनाओं को लेकर कनाडा के हिंदुओं की चिंताओं के बारे में सुना है। उन्होंने कहा, खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने मेरे खिलाफ भी प्रदर्शन किया था। हालांकि आरसीएमपी अधिकारियों की सुरक्षा में मैं एडमोंटन में एक हिंदू कार्यक्रम में शामिल हो सका। हम कनाडा में लंबे समय से खालिस्तानी हिंसक उग्रवाद की समस्या से अवगत हैं। चंद्रा आर्या ने कहा, मैं साफ कर दूं कि कनाडा के भीतर किसी भी देश की कोई भी कार्रवाई को हम स्वीकार नहीं करते हैं। कनाडाई होने के नाते हम नहीं चाहते कि कोई भी देश हमारे घरेलू मामलों में दखल दे। इसमें खालिस्तानी उग्रवाद से जुड़े मामले भी शामिल हैं। भारतीय मूल के सांसद ने कहा, खालिस्तान एक कनाडाई समस्या है और इसे सही करना हमारी सरकार और कानून की ज़िम्मेदारी है। ट्रूडो को मजाक में जस्टिन सिंह भी कहा जाता है क्योंकि वे सिक्खों में लोकप्रिय रहना चाहते हैं, लेकिन उनकी हरकतों की वजह से सियासी फ्रंट पर जस्टिन ट्रूडो की लोकप्रियता तेजी से घटी है। हाल में हुए स्थानीय चुनावों में भी उनकी लिबरल पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। 2025 में होने वाले आम चुनाव से पहले ट्रूडो के सामने अपनी खोई हुई लोकप्रियता वापस पाने की चुनौती है। उनकी पार्टी के कुछ सांसद तो अभी से उनका इस्तीफा मांग रहे हैं। कनाडा में करीब 5 फीसदी की मुस्लिम आबादी और 2.1 प्रतिशत सिख आबादी है। ऐसे में जस्टिन ट्रूडो मुस्लिमों और सिखों को साधना चाहते हैं। मुस्लिम-सिख का ये गणित उन्हें अगले चुनाव में फायदा पहुंचा सकता है। यह भी वजह है कि वे भारत और भारतीयों के खिलाफ बोल रहे हैं। 2021 की जनगणना के अनुसार, कनाडा की कुल आबादी 3.9 करोड़ के पार जा चुकी है। देश में 8.30 लाख आबादी हिंदुओं की है, तो वहीं भारत से गए सिखों की आबादी 7.70 लाख हो गई है। कनाडा में इस्लाम मानने वालों की आबादी करीब 18 लाख हो चुकी है, जबकि कनाडा में सबसे ज्यादा आबादी ईसाइयों की है। कनाडा में जो मुस्लिम आबादी है, उसमें से ज्यादातर का सम्बंध पाकिस्तान से है। ऐसे में कनाडा में जब मुस्लिमों के साथ सिख वोट बैंक को कोई पार्टी साध लेती है, तो उसकी चुनाव में जीत एक तरह से तय हो जाती है। कनाडा में खालिस्तानियों का राजनीतिक गठजोड़ पाकिस्तान के प्रभाव वाले मुस्लिमों के साथ होता है। ऐसे में जस्टिन ट्रूडो मुस्लिमों और सिखों के एकमुश्त वोटों को साधने के लिए भारत विरोधी रवैया अपनाए हुए हैं। वह चाहते हैं इन वोटों का ध्रुवीकरण उनके पक्ष में हो जाए। आजकल दुनिया के कुछ नेता जिनमें भारतीय नेता भी शामिल हैं, बिना कोई जनहित किए अपने पक्ष में वोटों का ध्रुवीकरण चाहते हैं, जिनमें ट्रूडो भी शामिल हैं। यू ट्यूब पर वीडियो बनाने वाले तो ट्रूडो को कनाडा का पप्पू तक कह रहे हैं। इस समय भारत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक स्थान रखता है। ट्रूडो जैसे नेता भी यह बात समझते हैं, इसीलिए ट्रूडो को यू-टर्न लेना पड़ा। भारत, अपनी देश प्रथम की नीति से चल रहा है और दुनिया के कई देश भारत के समर्थन में खड़े हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"दुनिया" "कण" "जगत" "कारण"

हमें दुनिया तो दिखती है, मगर पूरी नहीं दिखती,  
बड़ी चीजें ही दिखती हैं हमें कण कण नहीं दिखता।  
जगत को दु:ख बताया है,तथागत बुद्ध ने लेकिन,  
दु:खी होने का दुनिया में कोई कारण नहीं दिखता।

## महाराष्ट्र में नहीं बनने देंगे शिंदे और फडणवीस की सरकार:ओवैसी

**हैदराबाद, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर अक्बवर प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र में शिंदे और फडणवीस की सरकार नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारे पूर्व सांसद इम्तियाज जलील ने नाना पटोले और शरद पवार को पत्र लिखा है। अब उनको सीटों को लेकर फैसला करना है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी पहले से मजबूत राजनीतिक उपस्थिति है। इसलिए हम चुनाव जरूर लड़ेंगे। महाराष्ट्र के लिए हमने पांच उम्मीदवारों की घोषणा की है। हमारे पास पहले से ही महाराष्ट्र में दो विधायक हैं। हमने चुनाव को लेकर मराठा आरक्षण कार्यकर्ता जारांगे पाटिल से भी बात की। अब उन्हें फैसला करना है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को हरियाणा चुनाव आसानी से जीतना चाहिए था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। उन्हें आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। वहीं झारखंड को लेकर ओवैसी बोले कि हमारी पार्टी ने आदिल हसन और रियाज उल हसन इफेन्दी को झारखंड भेजा है। वे वहां जाएंगे और देखेंगे कि हमें क्या करना चाहिए।

# नहीं हो सका कोई नामांकन, पहले दिन बिके 30 पर्चे

### - मीरांपुर उपचुनाव को नामांकन प्रक्रिया शुरू, सख्त दिखी सुरक्षा - डीएम-एडीएम ने कचहरी का किया भ्रमण, दावेदारों में जोश

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** मीरांपुर विधानसभा सीट की बजी रणभेरी बीच उप चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार प्रातः 11 बजे से श्री लेयर सुरक्षा के बीच शुरू हो गई। इस चुनाव में मुजफ्फरनगर के समेत पड़ौसी मेरठ जनपद से भी कई दावेदारों ने कचहरी पहुंच उपस्थिति दर्ज की है। शुक्रवार को पहले दिन सपा की घोषित प्रत्याशी व उनके पति के नाम से पर्चे खरीदे गए, वहीं सपा से गठबंधन होने के बाद भी कांग्रेस से टिकट मांगने वाले पर्चा खरीदने नामांकन स्थल पर पहुंचे। इसके साथ पहले दिन पर्चे खरीदने के लिए खासी भीड़ दिखाई दी। इन लोगों को चैकिंग के बाद नामांकन कक्ष तक जाने दिया। डीएम और एडीएम प्रशासन ने कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल तक की गई व्यवस्था और सुरक्षा को भी परखा। इस दौरान करीब 30 पर्चे बिके, जबकि किसी भी दावेदार ने नामांकन नहीं किया। मीरांपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को शुक्रवार से कचहरी में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई।



कलेक्ट्रेट में स्थित बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के न्यायालय में बनाए नामांकन कक्ष में रिटर्निंग ऑफीसर एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार नामांकन प्रक्रिया की खातिर पूरी टीम संग मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट मुख्य गेट से बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी न्यायालय तक बैरिकेडिंग की गई है, ताकि सुरक्षा और प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाया जा सके। इस बीच प्रत्याशियों को नामांकन पत्र निःशुल्क प्रदान किए जाने की शुरू प्रक्रिया के बीच सपा की घोषित प्रत्याशी सुम्बुल राणा, उसके पति शाह मौहम्मद, कांग्रेस से अरशद राणा व सुशील शर्मा समेत करीब दो दर्जन दावेदारों ने मजबूती से दावेदारी को नामांकन कक्ष से पर्चे खरीदे। नामांकन पत्र खरीदने वालों की इस भीड़ में मीरांपुर और मुजफ्फरनगर शहर से अनेक लोग पर्चा खरीदने पहुंचे वहीं मेरठ से अजीत प्रताप सिंह ने अपने व पत्नी के नाम रालोद पार्टी से दो पर्चे खरीदे। इसके साथ सपा द्वारा कांग्रेस के साथ गठबंधन में मीरांपुर सीट से पूर्व सांसद कादिर राणा की पुत्रवधु सुम्बुल को प्रत्याशी बनाने के बावजूद कांग्रेस से अरशद राणा ने भी पर्चा खरीदा है। सुशील शर्मा लंबे समय से बसपा से इस बार दावेदारी कर रहे थे, उन्होंने टिकट भी निर्दलीय के रूप में पर्चा खरीदा है। अपराह्न 3 बजे तक करीब 30 दावेदारों ने निर्दलीय व अन्य दलों के प्रत्याशी के नाम पर पर्चा खरीदे हैं।

**इन्होंने कहा......**

**एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि नामांकन पत्र 25 अक्टूबर तक जमा किए जा सकेंगे। इसके बाद 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच और 29 और 30 अक्टूबर को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जायेगी। उपचुनाव के लिए मीरांपुर विधानसभा सीट को छह जोन और 33 सैक्टर में विभाजित करते हुए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। यहां मतदान 13 नवंबर और मतगणना 23 नवंबर को संपन्न की जाएगी। मतगणना के लिए नवीन मंडी स्थल का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन में व्यवस्था की गई है और प्रत्याशी के साथ केवल पांच लोग ही अंदर जा पायेंगे।**



## वाल्मीकि क्रान्ति दल ने किया लंगर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** नगर के शिव चौक तुलसी पार्क में रामायण रचियता भगवान वाल्मीकि जी के प्रकटोत्सव पर वाल्मीकि क्रान्ति दल के नेतृत्व में विशाल लंगर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुल्लन देवी व प्रताप वाल्मीकि ने संयुक्त रूप से भगवान वाल्मीकि जी के लंगर मे दीप प्रज्ज्वलित कर लंगर का शुभारंभ किया, जिसमें द्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान दीपक गम्भीर ने अतिथियों को सम्मान चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। सपा नेता राकेश शर्मा ने भगवान वाल्मीकि जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें भी भगवान वाल्मीकि जी कि तरह दीन-हीन व दुखियारों की सेवा करनी चाहिए और नारी को सम्मान की दृष्टि से देखना चाहिए। इस दौरान गोपाल सुधाकर, रजनीश गम्भीर, श्यामलाल बेनिवाल, नितिन बाबू, बिजेंद्र लौहट, पिंटू पटवारी, मुन्ना लाल, विकास हमदर्द, ललित शेरयार, अजीत, दीपक, सतीश, अनिल, राजकुमार, योगेश एड, राजेन्द्र, मुनेश, आशू, शीलू, अभिषेक, डॉ. प्रदीप, अशोक सफाई नायक, अरविंद सुधाकर आदि उपस्थित रहे।

## आज नगर से जुड़े कई क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** शनिवार 19 अक्टूबर को 220 केवी उपकेंद्र बधाई कलां पर बस के मेंटेनेंस हेतु 33 केवी उपकेंद्र रामपुर तिराहा की विद्युत सप्लाई दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक बंद रहेगी, जिस कारण 33 केवी उपकेंद्र से निर्गत 11 केवी फीडर रामपुर, शेरपुर, बझेड़ी की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं इससे प्रभावित रहे क्षेत्र ग्राम शेरपुर, मिमलाना, बामनहेड़ी, बझेड़ी, शहाबुद्दीनपुर, रामपुर के राणा सिटी, नारायणपुर, देवपुरम और रुड़की रोड आदि क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रहेगी। उधर, शनिवार को 33/11 केवी टीपीनगर उपकेंद्र पर मशीनों की टेस्टिंग कार्य होने के कारण बिजली घर के सभी 11 केवी फीडर बंद रहेंगे। विद्युत अफसरों के अनुसार इसके चलते क्षेत्र गांधी नगर, शांति नगर, भोपा रोड, तुलसी नगर, कूकड़ा और अमित बिहार आदि की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से 12 बजे दोपहर तक बाधित रहेगी।

# बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ शांति सेना ने कलेक्ट्रेट में भरी हुंकार

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** शांति सेना से जुड़े सैंकड़ों महिला-पुरुषों ने शुक्रवार को देश में तेजी से बढ़ती जा रही महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ सड़कों पर उतरकर जुलूस निकलकर कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में जुलूस के साथ पहुंची इन महिलाओं ने जहां महंगाई खत्म करो, बेरोजगारों को रोजगार दो के नारे लगाए वहीं डीएम के नाम सौंपे ज्ञापन में समस्याओं का निदान कराए जाने की मांग की। कलेक्ट्रेट में पहुंचे शांति सेना के अध्यक्ष मनेश कुमार गुप्ता एड. ने कहा कि शासन-प्रशासन के नाम ज्ञापन देने से कुछ नहीं होता, अब हमारा मुख्य मकसद आम जनमानस को जागरूक करने का है। इससे पूर्व शांति सेना का उक्त जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्ष मनेश कुमार गुप्ता एड. ने कहा कि देश में बेरोजगारों की संख्या 45 करोड़ तक पहुंच चुकी है, जिसमें युवा के साथ महिला बेरोजगारों की संख्या सबसे अधिक है। उन्होंने दावा किया कि इनमें भी 30 फीसदी बेरोजगार ग्रेजुऐटस हैं जो बिना पढ़े-लिखे अशिक्षित लोगों से नौ गुना से अधिक हैं। रोजगार और सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। नोटबंदी व जीएसटी ने असंठित क्षेत्रों में रोजगार की कमर तोड़ दी है। वहीं लगातार बढ़ती महंगाई ने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ी है। इस वक्त दाल, तेल, सब्जियां, खाद्यान, सबके भाव आसमान छू रहे हैं। रुपये की कीमत, डॉलर के मुकाबले 85 रह गई है। यही हाल रहा तो देश भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से कुसम पाल, जोगेन्द्री कश्यप, रूखसाना, शिवांगी, सुरेन्द्र, सोमिन्द्र, पुष्पेन्द्र, हिदायतुल्ला खां, सुखबीर, रामो, राखी, पूजा, मांगी, बबली, मोनिका, खुशी, वर्षा, राजन, राजेश्वरी, बिजेन्द्र, सिखा, बबिता, ममतेश, पिंकी, रेखा, कुन्तेश, ओमवती, ताहिरा, सोनिया, सुषा, संगीता, सुरेशो, अनिता, मोनिका, लोकेश, मुन्नी, चन्द्रवती, रीना, गुलफशा आदि मौजूद रही।




# हवा बन रही जहर, घुट-घुटकर जी रहा शहर

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** जनपद में प्रदूषण के देश में रिकॉर्ड बनाने के बाद इसे लेकर तमाम चिंताएं बढ़ गई हैं। भाकियू अराजनीतिक ने देश के सबसे प्रदूषित शहर होने के कारण स्वास्थ्य को बचाने हेतु आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। अभी दिवाली दूर है, ऐसे में प्रदूषण के लिए दिवाली और पटाखों को भी अभी जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। जनपद में वायु प्रदूषण इतने खराब स्तर पर पहुंच गया है कि देश में सबसे प्रदूषित शहरों में जनपद की गणना की गई है। यह जनपद वासियों के लिए चिंता का विषय है। विभिन्न कारणों से वायु प्रदूषण के साथ-साथ जल प्रदूषण भी चरम सीमा पर है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। हाल में ही जिस तरह से जनपद मुजफ्फरनगर में हवा का एयर क्वालिटी इंडेक्स 346 रिकॉर्ड किया गया है, ऐसे में बच्चों और गर्भवती महिलाओं को काफी खतरा है। प्रदूषण से नाक,गले, श्वास, फेफड़े,त्वचा, और दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा गहरा गया है। प्रदूषण डायबिटीज और सर दर्द का कारण भी बन रहा है। जनपद के कुछ उद्योगों में जिस तरह का कचरा प्रयोग किया जा रहा है, उसको लेकर जिला प्रदूषण विभाग ने आंख मूंद रखी है। कुछ उद्योगों में भारी मात्रा में प्लास्टिक कचरा ईंधन के रूप में प्रयोग हो रहा है जिसका खुलेआम परिवहन होता है। इस पर रोक लगाने के लिए आज तक कोई प्रयास नहीं किया गया है। जनपद में टायर जलाकर तेल निकालने वाली इकाई अभी कार्य कर रही है जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर स्थिति पैदा कर रही है। उद्योगों की चिमनियों से निकलने वाली डस्ट एवं पानी से जनपद के लगभग 100 से अधिक गांव गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

# रामपुर तिराहा कांड : कंडक्टर बोला, पुलिस ने बस रुकवा कर की थी महिलाओं से अभद्रता

**रामपुर तिराहा कांड में कंडक्टर ने दी गवाही**

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** रामपुर तिराहाकांड में शुक्रवार को सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में सुनवाई हुई। शुक्रवार को कोर्ट में आंदोलनकारियों को उत्तराखंड से लेकर आए बस के परिचालक ने अपनी गवाही दी। उसने बताया कि एक अक्टूबर 1994 की रात्रि पुलिस ने उनकी बस को रामपुर तिराहे पर रुकवाकर मारपीट करते हुए महिलाओं से अभद्रता की। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिए 24 अक्टूबर की तिथि नियत की है। एक अक्टूबर 1994 की पृथक राज्य की मांग के लिए दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों का रामपुर तिराहे पर पुलिस से टकराव हो गया था। आरोप है पुलिस की फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गयी थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के आरोप लगे थे। इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर विवेचना करते हुए सीबीआई ने सात मामलों में चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को आंदोलनकारी महिलाओं से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के मामले सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले मे पोक्सो कोर्ट -2 के न्यायाधीश अंजनी कुमार की कोर्ट में सुनवाई हुई। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति के अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि अभियोजन की तरफ से शुक्रवार को कोर्ट में बस के परिचालक विक्रम सिंह निवासी गांव आगर जिला रुद्रप्रयाग की गवाही कराई गयी। उसने बताया कि एक अक्टूबर की रात पुलिस ने उसकी बस को रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। पुलिसकर्मियों ने बस के शीशे तोडते हुए महिलाओं से बदसलूकी की। उसके बाद उसके साथ मारपीट कर पैसे छीन लिया। पुलिसकर्मियों की ज्यादती देखकर महिलाएं चिल्ला रही थी। गवाही पूरी होने पर कोर्ट में मामले की सुनवाई के लिए 24 अक्टूबर की तिथि नियत की है।




# क्रांति सेना ने करवा चौथ के पर्व पर किया मेंहदी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** शुक्रवार को महिला मोर्चा क्रांति सेना की जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी व एंटी करप्शन की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम चावला की ओर से करवा चौथ पर नई मंडी के पार्टी हाल में मेहंदी आयोजन कर नई पहल का आगाज किया। नई मंडी में आयोजित कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने किया। करवा चौथ के पावन अवसर पर सभी महिलाओं को लड़कियों ने बहुत सुंदर-सुंदर मेहंदी लगाई और सभी ने वहां डांस किया। करवा चौथ हिंदू महिलाओं का पवित्र त्यौहार है, जिसमें महिलाएं अपने पति के लिए लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। इस मेहंदी के निःशुल्क आयोजन करते हुए सभी से आह्वान किया कि सभी हिंदू लड़कियां से मेहंदी लगवाएं और किसी अलग धर्म के समुदाय से मेहंदी ना लगवाएं। इस अवसर पर नेहा, तान्या, आयुषी, राधिका, भावना और तनु ने महिलाओं के मेहंदी लगाई। इसमें सबसे अच्छी मेहंदी लगाने पर फर्स्ट सेकंड थर्ड प्राइज दिया, जिसमें राधिका ने प्रथम, तान्या ने सेकंड व आयुषी और भावना ने थर्ड प्राइज जीता। इस दौरान शालू चौधरी, अंजू त्यागी, सविता गौतम, पूनम चावला, सोनिया सैनी, रूपाली चौधरी, मनु शर्मा, कंचन बाटला, बेबी, छोटी, तनु, अलका जैन आदि महिलाओं ने भाग लिया।

## खेलों में शानदार प्रदर्शन पर महिला पुलिसकर्मी सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** 49 वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुजफ्फरनगर पुलिस को गौरवान्वित करने वाली महिला आरक्षियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। गत 3 से 9 अक्टूबर तक 11वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर में आयोजित 49 वी उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक शूटिंग स्पोर्टस रायफल/रिवाल्वर, शूटिंग एवं एलार्म एफीसियेन्सी रेस प्रतियोगिता में जनपद मुजफ्फरनगर की महिला आरक्षी निशा द्वारा बिगवोर थ्री पी टीम इवेन्ट में मेरठ जोन की टीम की और से प्रतिभाग किया गया तथा प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। महिला आरक्षी गुंजा द्वारा बिगवोर प्रोन टीम इवेन्ट में मेरठ जोन की टीम की और से प्रतिभाग किया गया तथा तृतीय स्थान पर रहकर ब्रांज मेडल प्राप्त किया। आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में उक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुजफ्फरनगर पुलिस को गौरवान्वित करने वाली दोनों महिला आरक्षियों को सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गयी।



## बेनामी संपत्ति लेनदेन पर रोक लगाने वाले प्रावधानों को उच्चतम न्यायालय ने वापस लिया

**नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को अपने 2022 के उस फैसले को वापस ले लिया, जिसमें बेनामी संपति लेनदेन पर रोक लगाने वाले कानून के दो प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित किया गया था। ये प्रावधान ऐसे सौदों और संपतियों को अधिकारियों की तरफ से कुर्क किए जाने पर रोक लगाते हैं। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 23 अगस्त, 2022 के फैसले पर केंद्र की समीक्षा याचिका की सुनवाई करते हुए पूर्व सीजेआई एन.वी. रमण की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ की तरफ से दिए गए फैसले को वापस ले लिया। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2022 के अपने फैसले में तब माना था कि बेनामी संपति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धाराएं 3(2) और पांच 'स्पष्ट रूप से मनमानी' होने के कारण असंवैधानिक थीं। अधिनियम की धारा-तीन बेनामी लेन-देन पर रोक से संबंधित है।

**REQUIRED**

**BCA, MCA,**

**Graduate For Office Computer Work, Also Expert In English Speaking.**

**M: 9837095901**

## गंगेरू के तालाब में तैरता मिला लापता बच्ची का शव

**कांधला, 18 अक्टूबर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू से करीब एक सप्ताह से लापता 7 वर्षीय किशोरी का शव गांव के ही तालाब में तैरता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका बच्ची के शव को पानी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक बच्ची की मौत को लेकर परिजनों में शोक व्याप्त है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी राजवीर कश्यप की 7 वर्षीया बेटी परी कश्यप एक सप्ताह पूर्व घर के बाहर से खेलते समय लापता हो गई थी। घटना के संबंध में परिजनों ने थाने जाकर पुलिस को तहरीर देते हुए लापता बच्ची को बरामद करने की मांग की थी, तभी से पुलिस बच्ची की तलाश कर रही थी। शुक्रवार की सुबह लापता बच्ची का शव गांव के समीप स्थित तालाब में तैरता मिला। आसपास के ग्रामीणों ने मामले की सूचना गंगेरू पुलिस चौकी कर्मियों को दी, जिसके चलते पुलिस मौके पर पहुंच गई और बच्ची के शव को तालाब से बाहर निकाला। मृतक बच्ची के शव की पहचान हो जाने के बाद परिजनों को मामले की सूचना देकर पुलिस ने मौके पर बुला लिया। बच्चों की मौत को लेकर परिजनों में भारी कोहराम मचा हुआ है।

# स्वर्णकार समाज ने धूमधाम से मनाया महाराजा अजमीढ़ का जन्मोत्सव

### - मैढ़ राजपूत सोनार सभा धर्मशाला पर हुआ यज्ञ और प्रसाद वितरण

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बुस.)।** मुजफ्फरनगर में आज मैढ़ राजपूत सोनार सभा धर्मशाला पर स्वर्णकार समाज के सैंकड़ों व्यक्तियों की उपस्थिति में बड़े ही हर्षोउल्लास से मनाया गया। महाराजा अजमीढ़ जी का जन्मोत्सव, साथ ही हवन कुंड में सैंकड़ों लोगों द्वारा आहूति देकर स्वर्णकार समाज के पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी गयी। सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा बुजुर्गों को पटका पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। आज मुजफ्फरनगर के भगत सिंह रोड पर स्थित स्वर्णकार समाज के पूर्वजों द्वारा स्थापित मैढ़ राजपूत सोनार समाज धर्मशाला में हर्षोउल्लास से स्वर्णकार समाज द्वारा महाराजा अजमीढ़ जी का जन्मोत्सव पर्व मनाया गया, जिसमें सुनार समाज के बुजुर्गों द्वारा महाराजा अजमीढ़ जी के चित्र के सामने दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जन्मोत्सव पर्व पर सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित सुनारों ने महाराजा अजमीढ़ जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प चढ़ाकर अभिनन्दन किया। सुनार समाज के बुजुर्गों साथ युवाओं ने भी एक साथ हवन कुण्ड में आहूति देकर स्वर्णकार समाज के पूर्वज महाराजा अजमीढ़ महाराज को याद किया गया। मैढ़ क्षत्रीय सोनार समाज समन्वय समिति मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा ने बुजुर्गों के साथ युवाओं के गले में पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जलपान और प्रसाद वितरण बाद सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा ने हाथ जोड़कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। अजमीढ़ महाराजा जी के जन्मोत्सव पर्व पर मुख्य रूप से सेवानिवृत लेखपाल नन्द किशोर वर्मा, सेवानिवृत कानूनगो बृजमोहन वर्मा, सुभाष वर्मा नल्के वाले, शाहपुर ज्वेलर्स विनोद वर्मा, प्रदीप वर्मा, शोभित ज्वैलर्स मोतीमहल, संजीव वर्मा एडवोकेट रुड़की, सीताराम वर्मा एडवोकेट, मनमोहन वर्मा एडवोकेट, नरेंद्र वर्मा एडवोकेट, सुनील वर्मा नगरपालिका, महेश वर्मा, दिनेश वर्मा, विनायक वर्मा, शिव कुमार वर्मा प्रॉपर्टी डीलर, सतीश वर्मा फौजी, सुभाष वर्मा, मास्टर ओमप्रकाश वर्मा, रविंद्र वर्मा बिरालसी वाले, सुशील वर्मा डाई वाले, नरेश वर्मा, मनोज वर्मा पाजेब वाले, सुनील वर्मा ( बबलू ) शाकुम्भरी ज्वैलर्स बरवाला, राजेश सोनी, मनोज सोनी, कोकिल वर्मा, राम कुमार वर्मा नेहा साउंड, अनिल वर्मा खतौली, सुनील कुमार वर्मा टी वी पत्रकार, राधेश्याम वर्मा पत्रकार, संजीव वर्मा कटरा मोचियान, भोला शंकर, नाथी राम वर्मा बिरालसी वाले, सीता राम वर्मा बिरालसी वाले, शिवम वर्मा, विजय वर्मा मूँछ, कँवर पाल वर्मा, संजय वर्मा ऐल्गो, अरुण कुमार मुनीम जी, जगदीश वर्मा, दीपक वर्मा नीटू, दिनेश वर्मा भुल्लन, आशीष वर्मा चार्टेड अकाउंटेंट, संजय वर्मा पोलिस वाले, आनंद वर्मा मास्टर जी, जय भगवान मास्टर जी, नरेंदर भारती, अनिल वर्मा कुटबा इत्यादि उपस्थित रहे।



**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र नितिन मित्तल व उसकी पत्नी अंजली मित्तल मेरे व परिवार के कहने-सुनने से बाहर हो गये हैं और हमारे साथ लड़ाई झगड़ा रखते हैं और अपनी मनमर्जी करते हैं। मैं व पूरा परिवार नितिन मित्तल व उसकी पत्नी अंजली मित्तल की नाजायज हरकतों से तंग व परेशान आ चुका है। इसलिए मैंने व मेरे परिजनों ने नितिन मित्तल व उसकी पत्नी अंजली मित्तल से अपने पारिवारिक सम्बंध खत्म कर, उनको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब नितिन मित्तल व उसकी पत्नी अंजली मित्तल के किसी भी लेन-देन व वाद विवाद के लिये मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वह अपने किये के लिये खुद जिम्मेदार होंगे।

नीरज मित्तल पुत्र श्याम लाल मित्तल  
मकान नम्बर, 285/ए, साकेत रोड  
ब्रह्मपुरी, मुजफ्फरनगर

**आदर्श महिला मर्केन्टाईल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड**

प्रधान कार्यालय- 27A/1, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

AMMCO BANK

**आवश्यकता है**

| Vacancies | | Qualification/ Experience |
|---|---|---|
| 1. Recovery/ Legal Head | 2 | C.S./ LL.B |
| 2. Compliance Head | 2 | C.S./C.A. |
| 3. I.T. Head | 1 | I.T. Background |
| 4. Managers | 3 | Banking Experience (Min. 5 Yers.) |
| 5. Peon | 2 | 12th Pass (Min.) |

वेतन योग्यतानुसार

सम्पर्क सूत्र- 9690012428




## मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के रोवर/रेंजर लीडर का बिगनर्स कोर्स सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बुस.)।** शुक्रवार को डी.ए.वी. महाविद्यालय में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश संस्था के तत्वाधान में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से संबद्ध महाविद्यालय के रोवर लीडर एवं रेंजर लीडर का बिगनर्स कोर्स आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मुकेश चन्द समन्वयक (रोवर/रेंजर) माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय में रोवर - रेंजर गतिविधि को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यक्रम में सभी महाविद्यालय के रोवर लीडर एवं रेंजर लीडर का प्रो. सुषमा सैनी जिला (रेंजर) आयुक्त एवं रेंजर लीडर डीएवी महाविद्यालय द्वारा स्वागत किया गया। मयंक शर्मा सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ एवं सहारनपुर मंडल द्वारा सभी को विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें विभिन्न महाविद्यालय के रोवर /रेंजर लीडर्स का टीम का गठन, प्रवेश एवं निपुण कैंप, राज्यपाल एवं राष्ट्रपति अवार्ड, टीम के लिए उपराष्ट्रपति अवार्ड, रोवर/रेंजर लीडर के लिए बेसिक कोर्स एवं अधिकार पत्र, विभिन्न गतिविधियों जैसे तंबू निर्माण प्राथमिक चिकित्सा आदि की रोवर रेंजर समागम के लिए जानकारी, बी.ए. जी. ज्ञान प्रतियोगिता, सर्वोत्तम कैडेट प्रतियोगिता, सामाजिक कार्य जैसे वृक्षारोपण, जल संरक्षण, रक्तदान, स्वच्छता कार्यक्रम, राष्ट्रीय जंबूरी तथा नेचर स्टडी ट्रैकिंग कोर्स में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत भूषण अरोरा जिला संगठन कमिश्नर, गुंजन जिला प्रशिक्षण आयुक्त, अनुज कुमार आईटी कोऑर्डिनेटर, अमित सैनी जिला ट्रेनिंग काउंसलर, व सहदेव रोवर लीडर व डॉ. शशि, सहायक प्रोफेसर रेंजर लीडर का विशेष सहयोग रहा। निशु, वर्षा, ज्योति, नाजिया, खुशी, सानिया रोवर्स और रेंजर्स का विशेष सहयोग रहा। बिगनर्स कोर्स में 13 रोवर लीडर एवं 14 रेंजर लीडर कुल 27 प्रतिभागियों जिनमें जनपद मुजफ्फरनगर, शामली व सहारनपुर के रोवर लीडर एवं रेंजर लीडर ने सक्रिय प्रतिभागिता की। बिगनर्स कोर्स का संचालन श्री मयंक शर्मा सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर मेरठ एवं सहारनपुर मंडल द्वारा तथा मार्गदर्शन प्रो० मुकेश चन्द, समन्वयक (रोवर / रेंजर) माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।

# शाहपुर में महर्षि वाल्मीकि की भव्य शोभायात्रा निकाल, रात्रि में विशाल जागरण का हुआ आयोजन

**शाहपुर, 18 अक्टूबर (बु.)।** महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव पर आयोजित विशाल जागरण का रात्रि में आयोजन हुआ तथा आज शाम भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गत रात्रि जागरण का उद्घाटन प्रमुख समाजसेवी अरविंद पाल प्रदीप पाल ने फीता काटकर किया। जोत प्रज्ज्वलित पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल, सावंत नामदेव, सोनू नामदेव, डॉ. अनुज अग्रवाल व भाग्य शर्मा द्वारा की गई, जबकि मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष रूबी सैनी व बीडीओ शिवकुमार सैनी, भाजपा नेत्री डॉ. कविता सैनी, डॉ. डी.के. तथा दुर्गा अष्टमी शोभायात्रा समिति के पदाधिकारी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरविंद पाल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को जीवन में उतार कर अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है। वरिष्ठ भाजपा नेत्री रूबी सैनी ने कहा कि वाल्मीकि समाज हिन्दु समाज का अभिन्न अंग है। मुख्य अतिथि डॉ. अनुज अग्रवाल ने कहा कि यह समाज दया का पात्र नहीं है बल्कि इस समाज की भी सभी कार्यों में बराबरी की हिस्सेदारी है। उन्होंने त्रिकालदर्शी रामायण रचयिता महर्षि वाल्मीकि की प्रेरणा से समाज में नैतिक मूल्य स्थापित किए जाने की पुरजोर अपील की। कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष सुनील लक्खा शाहपुरिया व विशाल ने भेंट सुनाकर भक्तों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। संचालन अशोक धवन ने किया। इस दौरान वाल्मीकि समाज के सभी लोग मौजूद रहे। उधर, आज शाम महर्षि वाल्मीकि की भव्य शोभायात्रा महर्षि वाल्मीकि आश्रम से निकाली गयी। शोभायात्रा का शुभारंभ फीता काटकर पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी ने किया, जबकि दीप प्रज्ज्वलित प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल, नरेंद्र गर्ग व उमेश गोयल ने किया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मोहलों से होकर वापस मंदिर पर ही संपन्न हुई। शोभायात्रा में दर्जनों झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। वाल्मीकि समाज से श्रीचंद धवन, बृजमोहन मेहरा, जोगिंदर वाल्मीकि, संजय धवन, सचिन धवन तथा कस्बे के सम्मानित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अशोक धवन ने किया।





# आज से जुटेंगे सर्विसेज क्लब में अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी

### - डॉ. सुरेंद्र प्रकाश मैमोरियल अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट



**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** जनपद में एक बार फिर से टेनिस की धूम के बीच सर्विस क्लब का ग्रास ग्राउंड राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ियों के स्वागत को तैयार है, जहां विश्व के प्रसिद्ध ग्रास कोर्ट पर शनिवार से डॉ. सुरेंद्र प्रकाश मैमोरियल अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स 400 पाइंट टेनिस टूर्नामेंट आयोजित होने जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्लब के अध्यक्ष डीएम डॉ. उमेश चन्द्र मिश्रा शनिवार सुबह 10 बजे करेंगे। डेढ़ लाख रुपए प्राइस मनी वाले टूर्नामेंट में इस बार 7 दिनों तक आयोजित किया जायेगा। टूर्नामेंट में में भारत के विभिन्न हिस्सों के साथ जापान, फ्रांस एवं इजराइल के समेत कई मुस्लिम देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। सर्विसेज क्लब सभागार में दसवें डॉ. सुरेंद्र प्रकाश मैमोरियल अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स-400 पाइंट टेनिस टूर्नामेंट डायरेक्टर अमित प्रकाश, सचिव विजय वर्मा, डॉ. देवेंद्र मलिक, डॉ. मनोज काबरा, डॉ. जेएस तोमर अध्यक्ष रिसेप्शन समिति मौजूदगी में संपन्न पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि शनिवार को सर्विसेज क्लब मैदान के ग्रास कोर्ट में 10वां अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट शुरू होने जा रहा है, जिसमें लगभग 180 खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि इन खिलाड़ियों में लगभग 160 पुरुष व 20 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में जापान, फ्रांस, यूएई, इजरायल आदि देश से भी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर का टेनिस ग्रास कोर्ट पूरे हिंदुस्तान में बहुत मशहूर हैं। भारतवर्ष में कुल चार या पांच जगह ऐसी हैं, जहां पर इस स्तर के ग्रास कोर्ट मेंटेन किए जा रहे हैं, उसमें से मुजफ्फरनगर का नाम शामिल होना हमारे लिए बड़े गौरव की बात है। टूर्नामेंट में कमेटी ने सभी खिलाड़ियों को सुबह का नाश्ता, लंच और शाम की चाय के साथ साथ 15 लाख रुपए प्राइस मनी व खिलाड़ियों को ट्रांफी देने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट को आयोजित करने का मुख्य कारण यह है कि शहर के युवा टेनिस के प्रति जागरूक हों और खेल अपनाकर अपना उज्जवल भविष्य बनाएं। उन्होंने कहा कि स्टडी यह भी बताती है कि टेनिस ही एक ऐसा खेल है जो विश्व में सबसे फेमस है और स्वास्थ्य के हिसाब से 90 साल तक के लोग इस खेल को बड़े आराम से खेल सकते हैं।

# करवाचौथ को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

## सौंदर्य प्रसाधन, कपड़ों और आभूषणों की खरीदारी पर जोर

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** करवाचौथ पर्व रविवार को है। इसके लिए विवाहिताओं में उत्साह है। त्यौहार के चलते महिलाएं बाजारों से वस्त्र और आभूषण की खरीद के लिए निकल रही हैं। महंगाई के बावजूद आभूषणों की मांग बढ़ी है। महिलाओं के सजने के लिए ब्यूटी पार्लर में वेटिंग हो रही है। ऐसे में ब्यूटी पार्लर पूरी तरह व्यस्त हैं। मेहंदी के लिए स्टाल्स के साथ गली मुहल्लों में भी पार्लर व्यस्त हो चुके हैं।

विवाहिताएं करवाचौथ के पर्व को लेकर उत्साहित हैं। महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए करवाचौथ का व्रत रखती हैं।

इस बार रविवार 20 अक्तूबर को करवाचौथ मनाया जाएगा। महिलाओं ने संजने-संवरने के लिए बाजारों में सौंदर्य प्रसाधन तथा सोने-चांदी के जेवरात और कपड़े खरीद रही हैं। शहर में शिवचौक, एसडी कॉलेज मार्केट तथा झांसी रानी के आसपास के कपड़ा मार्केट, भगत सिंह रोड, शामली रोड, सर्राफा बाजार, मेरठ रोड, रुड़की रोड, नावल्टी चौराहा और आसपास के बाजार, कोर्ट रोड, नई मंडी और गांधी कॉलोनी में त्यौहारी भीड़ नजर आ रही है। त्यौहार के चलते कपड़ों की दुकानों पर खूब खरीदारी हो रही है। हालांकि यह खरीदारी महिलाओं के लिए बने वस्त्रों तक सीमित है। नए और पुराने दोनों तरह की साड़ियों की मांग ज्यादा है। बाजार में दो हजार से लेकर दस हजार रुपये तक की ओरगेंजा और कॉटन की साडियां आम तौर पर खरीदी जा रही हैं। बनारसी और कढ़ाई और मोती वाली साड़ियों का भी क्रेज है। इसके अलावा महिलाओं के सूट सलवार, शरारा, लहंगा, प्लाजो, क्रॉप टॉप, गाऊन, की बिक्री बढ़ी है। बाजार में कॉस्मेटिक्स और चूड़ियों की दुकानों पर भारी भीड़ है। विवाहिताएं कॉस्मेटिक की दुकानों पर चूड़ियां, कंगन, लिपस्टिक, नेलपेंट, हेयर कलर, फेसवॉश सहित सोलह-श्रृंगार के लिए सामान खरीद रही हैं। बाजार में रंग-बिरंगी चूड़ियां और कंगन भी आए हैं। चूड़ियों की कीमत 100 रुपये और कंगन की कीमत 250 रुपये है।

### ब्यूटी पार्लरों पर एडवांस बुकिंग के साथ वेटिंग

मुजफ्फरनगर। करवाचौथ पर ब्यूटी पार्लर संचालकों की व्यस्तता बढ़ गई है। त्यौहार पर सजने के लिए विवाहिताएं एडवांस बुकिंग करा रही हैं। इसके अलावा वहां लंबी वेटिंग चल रही है। विवाहिताएं फेशियल, फुल थ्रेडिंग, वैक्स कराने, समूथिनिंग, हेयर हाइलाइट, हेयर स्पा सहित अलग-अलग तरह का मेकअप कराने के लिए पहुंचने लगी हैं या पहुंचने की तैयारी कर रही हैं। ब्यूटी पार्लरों में संचालकों ने मेहंदी लगाने और टैटू बनाने की व्यवस्था भी की है। आने वाले तीन दिन पार्लरों पर एडवांस बुकिंग के चलते वक्त नहीं है।





### बहराइच हिंसा के सरगना के घर पर चलेगा बुलडोजर

**30 घरों पर चलेगा 'पीला पंजा'!, अब्दुल हमीद के घर पर भी नोटिस चस्पा**

**बहराइच , 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** बहराइच स्थित महसी तहसील क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद के घर पर जल्द ही योगी सरकार का बुल्डोजर चलने जा रहा है। शुक्रवार की शाम लोकनिर्माण विभाग द्वारा इनके घर पर अतिक्रमण को लेकर नोटिस चस्पा की गई है। यदि तीन दिनों में इनके द्वारा इसका जवाब न दिया गया तो पूरे घर को ध्वस्तीकरण करने की कार्रवाई होगी। इसके साथ ही यहां के करीब 30 घरों पर यह नोटिस चस्पा हो रही है। ऐसे में इन सभी के खिलाफ बुल्डोजर एक्शन होना तय माना जा रहा है। यह सभी इस हिंसा में शामिल आरोपियों के ही घर बताए जा रहे है। वहीं इस मामले में लापरवाही मिलने पर एएसपी को भी हटाने की तैयारी है। जबकि तहसीलदार को डीएम कार्यालय अटैच कर दिया गया है। शुक्रवार की शाम पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की टीम ने महाराजगंज गांव में हिंसा के नामजद आरोपी अब्दुल हमीद सहित करीब 30 घरों की नापजोख की है। उनके अवैध होने व अतिक्रमण हटाने का नोटिस भी चस्पा की गई है।

# सोने के दामों की चमक से कम होगी श्रंगार की दमक




**सोने के साथ चांदी भी बढ़ रही लखिया होने की ओर**

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** सोने के दामों ने आज फिर छलांग लगाई और दिल्ली में जहां सोने के दाम 79,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे, वहीं स्थानीय बाजार में भी सोना 79,400 रुपये पर बिका। इसके साथ इसके जल्द ही अस्सी हजार रुपये पहुंचने की आशा है। ऐसे में जहां खरीदारों में बेचैनी है, वहीं दुकानदारों को भी इस बात का भय सता रहा है कि सोने की महंगाई का असर त्यौहारी बिक्री पर पड़ेगा। ऐसे में ज्यादातर नई नवेली दुल्हनों और विवाहिताओं को अपने पुराने गहनों से काम चलाना पड़ेगा। ऐसे में सोने की महंगाई से यौवनाओं के आभूषणों की दमक भी प्रभावित होगी। हालांकि एक ऐसा वर्ग भी है, जिस पर महंगाई का असर नहीं है।

त्यौहारों से पहले ही सोने की कीमतों में वृद्धि का क्रम जारी है। इसके चलते आज सोना अभी तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 79,900 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। हालांकि आज स्थानीय बाजारों में सोने के गहने 79,400 रुपये के दाम पर बिके। बाजार के जानकार इसके लिए त्यौहारी मांग के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही हलचल को मान रहे हैं। इनमें रूस यूक्रेन जंग के साथ इस्राइल का पड़ौसी देशों के साथ चल रहा संग्राम भी व्यापक अस्थिरता का कारण बना हुआ है। ऐसे में अभी इस वृद्धि पर विराम लगने की उम्मीद कम है। महंगाई के बावजूद सर्राफा बाजार की दुकानों पर खरीदार पहुंच रहे हैं। इनमें एक वर्ग तो ऐसा है जिस पर कीमतों में वृद्धि का कोई असर नहीं है। इसके बावजूद तमाम महिलाएं अपनी पसंद के आभूषण खासतौर से मंगलसूत्र, हीरे वाली अंगूठी, सोने की चेन, लॉकेट, कानों की बालियां और कोका खरीद रही हैं। हालांकि महंगाई का असर यह हुआ है कि पॉकेट के हिसाब से वजन कम करके आभूषण खरीद रही हैं। निम्न मध्यम और गरीब तबकों के लिए ऐसे में चांदी के छोटे आभूषण चुटकी, पाजेब आदि ही विकल्प रह गए हैं। हालांकि चांदी भी सोने से होड़ ले रही है। चांदी के दाम भी 1,000 रुपये उछलकर 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। गुरुवार को चांदी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। शुक्रवार को कुछ नरमी के साथ स्थानीय बाजार में आज चांदी 93 हजार 100 रुपये प्रति किलो के दाम पर बिकी। चांदी के दाम पिछले छह माह में करीब 24 प्रतिशत बढ़े हैं। बाजार का अनुमान है कि चांदी भी जल्द एक लाख के आंकड़े को छू सकती है।

### कैसे होंगे हाथ पीले

सोने और चांदी के दामों में वृद्धि का कारण चाहे जो हो, लेकिन इसे लेकर सबसे ज्यादा चिंता उन लोगों को है, जिन्हें जल्द ही बेटियों के हाथ पीले करने हैं। दिन प्रतिदिन सोना और चांदी हाथ से निकले जा रहे हैं। ऐसे में बेटियों को शादी पर आभूषणों के उपहार के लिए या तो लोगों को बजट बढ़ाना पड़ेगा या फिर खरीद में कटौती करनी पड़ेगी।

### गणेशपुरी में जिम के बाहर हो रही युवतियों से अश्लील हरकतें

**खतौली, 18 अक्टूबर (बु.)।** नगर की गणेशपुरी कालोनी में स्थित जिम के बाहर युवतियों व महिलाओं के साथ छींटाकशी व अश्लील हरकतें किये जाने को लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा जिम को अन्यंत्र स्थानान्तरित किये जाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग दल संयोजक चन्द्रपाल राजपूत सहित सौरभ ठाकुर, शिवम, शंकर, रजत आदि कार्यकर्ताओं द्वारा सीओ खतौली राम आशीष यादव को दिये गये शिकायती पत्र में गणेश पुरी कालोनी में स्थित जिम सेंटर के बाहर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कालोनी में आने जाने वाली महिलाओं व युवतियों से छींटाकशी व अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए बताया कि गुण्डा तत्वों द्वारा लगातार किये गये इस घृणित कार्य से कालोनी के परिजनों में भय का वातावरण बना हुआ है तथा कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित होने की सम्भावना बनी हुई है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा जिम को अन्य स्थान पर स्थानान्तरित कराये जाने की माग गई है।

# कुकर्म के विरोध में ही हुई थी पांच वर्षीय बच्चे की हत्या

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** जैसा कि कल ही अनुमान लगाया जा रहा था वही बात सामने निकलकर आई। आज पुलिस ने उक्त मामले का खुलासा करते हुए पांच वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले में रिश्ते के मामा को जेल भेज दिया गया है। दरअसल, गुरूवार को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के सिखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय बच्चे की गर्दन काटकर हत्या कर दी गई थी। उक्त सनसनीखेज मामले में पुलिस का मानना था कि बच्चे के साथ कुकर्म का प्रयास किया गया है। उक्त मामले में बच्चे के रिश्ते के मामा अजय उर्फ नाटी व उसके साथी को हिरासत में लिया गया था। शुक्रवार को आरोपियों ने स्वीकार किया और जानकारी देते हुए बताया कि कुकर्म के उद्देश्य से ही उन्होंने बच्चे की हत्या कर डाली। योजनबद्ध तरीके से हत्या करने से पहले उसने एक हेयर सैलून से बच्चे की गर्दन काटने के लिए ब्लेड लिया था और उसी ब्लेड से बच्चे का गला रेतकर हत्या की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर उन्हें जेल भेज दिया है।



**जल्द मिलेगा पीड़ितों को न्याय :** मुजफ्फरनगर। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने हत्या के मामले में जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही पीड़ित पक्ष को न्याय मिलेगा और दोनों आरोपियों को चार्जशीट दाखिल कर बड़ी से बड़ी सजा दिलाने का काम कराया जायेगा। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### सलमान के लिए मिला धमकी भरा संदेश : 'पांच करोड़ दो या बाबा सिद्दीकी जैसा हश्र भुगतो...'

**मुंबई, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** मुंबई ट्रैफिक पुलिस को सलमान खान के लिए लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से धमकी मिली है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज भेजा है। इसमें सलमान खान से पांच करोड़ रुपये की मांग की गई है। मैसेज भेजने वाले ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हवाले से कहा है कि अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें पांच करोड़ रुपये देने होंगे। इसे हल्के में लेने की गलती न करें। मैसेज में कहा गया कि अगर उन्होंने पैसे नहीं दिए तो उनका हाल बाबा सिद्दीकी से बुरा होगा। मुंबई पुलिस ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मामले में मुंबई पुलिस ने वर्ली पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज किया है।

## सिर्फ गाजियाबाद और खैर से संतुष्ट नहीं है कांग्रेस

**मीरांपुर समेत सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारने पर विचार**

**लखनऊ, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी ने भले गठबंधन के तहत उपचुनाव में गाजियाबाद और खैर विधानसभा सीट कांग्रेस को दे दी है, लेकिन कांग्रेस इससे संतुष्ट नहीं है। पार्टी ने सपा को पांच सीट पर प्रस्ताव भेजा था। अब कांग्रेस प्रदेश इकाई ने अपने शीर्ष नेतृत्व को पत्र भेजकर उपचुनाव में भागीदारी बढ़ाने की मांग की है। विधानसभा उपचुनाव की 10 सीटों में कांग्रेस ने फूलपुर, मझवां, मीरापुर, गाजियाबाद और खैर सीट मांगी थी। कांग्रेस का तर्क था कि इन सीटों पर सपा चुनाव हार चुकी है। ऐसे में ये सीटें कांग्रेस को दी जाए, लेकिन सपा ने सात सीटों पर उम्मीदवार उतार दिया है और कुंदरकी पर उम्मीदवार के नाम पर विचार चल रहा है। कांग्रेस को सिर्फ गाजियाबाद और खैर सीट देने का दावा किया है। ऐसे में कांग्रेस की प्रदेश इकाई में हलचल मची हुई है। पार्टी के कुछ नेताओं का तर्क है कि सपा सीटें नहीं बढ़ाती है तो सभी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए। कांग्रेस प्रदेश इकाई की ओर से सिर्फ दो सीटें नाकाफी बताई जा रही हैं। पार्टी ने सीटें बढ़ाने की अपील की है। इस संबंध में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि कांग्रेस ने पांच सीटों का प्रस्ताव दिया था। अभी सीटें तय नहीं हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व जल्द ही सपा नेताओं से वार्ता करेगा। प्रदेश इकाई की मंशा से शीर्ष नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है।

## पीएम मोदी के खिलाफ दाखिल चुनाव याचिका खारिज

**प्रयागराज, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा चुनाव में निर्वाचन के खिलाफ दाखिल चुनाव याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह की अदालत ने बीते लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नामांकन करने वाले विजय नंदन की याचिका पर यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि चुनाव याचिका पहली बार गत तीन सितंबर को पेश की गई थी। याचिका पर यह रिपोर्ट की गई है कि यह समय सीमा से 19 दिन बाद की है। हालांकि देरी की माफी के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। कोर्ट ने याची से पूछा कि क्या वह इस पहलू पर कानूनी राय लेना चाहते हैं या समय लेना चाहते हैं। याची ने समय की मांग की। इस पर कोर्ट ने याचिका को 18 अक्टूबर को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। याचिका के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी ने विजय नंदन का नामांकन खारिज कर दिया था। जनहित पार्टी से जुड़े मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के निवासी विजय नंदन का कहना है कि निर्वाचन अधिकारी ने उनका नामांकन गलत तरीके से खारिज किया है। चुनाव याचिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्वाचन रद्द करने, याची के नामांकन को वैध करार देकर वाराणसी सीट पर फिर से चुनाव कराने आदि की मांग की थी।

## ईडी ने पीएफआई की 56 करोड़ रुपये की कुल 35 अचल संपत्तियां की जब्त

**नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत कई ट्रस्टों, कंपनियों और व्यक्तियों के नाम पर पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के स्वामित्व और नियंत्रण वाली 35.43 करोड़ रुपये की 19 अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। जानकारी के मुताबिक जांच एजेंसी ने 16 अक्टूबर को इन संपत्तियों को कुर्क किया। इससे पहले, ईडी ने 16 अप्रैल को 21.13 करोड़ रुपये मूल्य की 16 अचल संपत्तियों को भी कुर्क किया था। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और अन्य मामले में अब तक एजेंसी की तरफ से 56.56 रुपये की कुल 35 अचल संपत्तियां कुर्क की गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में कहा कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) भारत में एक जिहाद के माध्यम से इस्लामी आंदोलन बनाने के लिए काम कर रहा था, जिसमें अहिंसक हवाई हमले और गुरिल्ला थिएटर के अलावा क्रूरता और दमन के कई तरीके शामिल थे। संघीय एजेंसी ने एक बयान जारी कर कहा कि उसने संगठन और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ चल रही जांच के तहत 35 करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्तियां कुर्क की हैं, जो कई ट्रस्टों, कंपनियों और व्यक्तियों के नाम पर पीएफआई के लाभकारी स्वामित्व और नियंत्रण में हैं।

### फैक्ट्री में पकड़ी 14.86 लाख रुपये की बिजली चोरी

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** बिजली विभाग की टीम ने पुरकाजी क्षेत्र में एक फैक्ट्री पर छापा मारकर 14.86 लाख रुपये की बिजली चोरी पकड़ी है। मुख्य अभियंता के निर्देशन में चलाई गयी छापेमारी के दौरान भोजाहेड़ी में अब्दुलपुर रोड पर स्थित मैसर्स इंपीरियल एन्टरप्राइजेज नाम की फैक्ट्री में जब टीम पहुंची तो वहां मेन मीटर और पॉल मीटर में शंट डिवाइस लगी मिली। यह डिवाइस रिमोट से चलाई जा सकती थी। छापे के बाद फैक्ट्री का कनेक्शन काटकर मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। बिजली विभाग की टीम ने पांच दिन तक चले अभियान में 265 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ते हुए 26.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बताया गया है कि उक्त फैक्ट्री में स्थापित क्षमता से कम बिजली के उपयोग का मामला सामने आने के बाद मुख्य अभियंता के निर्देश पर छापे की कार्यवाही की गयी है।

# भाभियों की हथेलियां रचाने में जुटी बहनें

## शहर में एक दर्जन स्टालों पर सैंकड़ों की तादाद में महिलाओं ने रचवाई मेहंदी

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** करवा चौथ पर मेहंदी से हथेली सजाने के लिए आज संयुक्त हिंदू संगठनों की ओर से लगाए गए मेहंदी पार्लरों पर भीड़ उमड़ती नजर आई और कल और अधिक भीड़ की आशंका के बीच आज भी सैंकड़ों की तादाद में महिलाएं इन पार्लरों पर सजना के नाम की मेहंदी रचवाने के लिए पहुंची। खास बात यह रही कि तमाम संगठनों की पहल के चलते आज भाभियों की हथेली सजाने को बहनें तमाम पार्लरों पर नजर आईं। आज हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने तमाम शिविरों में घूम कर वहां चल रही व्यस्थाओं का भी जायजा लिया।

करवा चौथ पर विवाहिताओं में जहां श्रंगार का क्रेज होता है, वहीं हर हथेली पर सजी मेहंदी इस पर्व की खास पहचान है। ऐसे में विगत वर्षों पर मेहंदी लगाने के लिए जगह-जगह पुरुष युवाओं द्वारा लगाए जाने वाले स्टालों पर विवादों को देखते हुए इस बार हिंदू संगठनों ने शहर में तमाम स्थानों पर मेहंदी पार्लर लगवाने के साथ महिलाओं से इन पार्लरों पर या अपने नजदीकी ऐसे पार्लरों पर मेहंदी लगवाने की अपील की थी जहां बाहरी युवा मेहंदी लगाने का काम ना कर रहे हों। विहिप, बजरंग दल और राष्ट्र सेविका समिति की ओर से नगर के एक दर्जन स्थानों पर मेंहदी केन्द्र लगाये गए। इसमें मुख्य रूप से बड़ी धर्मशाला नई मण्डी, श्री आदर्श रामलीला भवन पटेलनगर, श्री श्यामा श्याम मन्दिर गॉधीनगर, भारत माता नर्सिंग होम, पचैंडा रोड, लक्ष्मी नारायण मन्दिर गांधी कालोनी, शिव मूर्ति गोल मार्केट, प्राईमरी पाठशाला, चुंगी नं.-2, साकेत कॉलोनी निकट डॉ. पंकज जैन, आर्य समाज मन्दिर निकट डीएवी कॉलेज, मानसरोवर कॉलोनी, लक्ष्मी नारायण मन्दिर, गैलेक्सी होटल के पीछे, नुमाईश कैम्प वार्ड-24 पर आज से दो दिन के मेहंदी स्टाल शुरू हो गए। आज बड़ी धर्मशाला में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने मेहंदी स्टाल का शुभारंभ किया। इस दौरान व्यवस्था बनाने में मुख्य रूप से प्रान्त सह गौरक्षा प्रमुख ललित महेश्वरी, जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार, मोहित बंसल, पंकज दीप, सोहनवीर सिंह, नितिन तायल, नितीश ऐरन, संजय शर्मा, राष्ट्र सेविका समिति जिला संचालिका मंजू महेश्वरी, डॉ. अरूणा गर्ग, अल्का अग्रवाल, नीति अग्रवाल, पूनम गर्ग, पूजा पालीवाल, नीरज गौतम, वनीता गर्ग, प्रीति गुप्ता, अंशु गर्ग, शालू मित्तल, मिनाक्षी, संजय अग्रवाल, विकल्प जैन, डॉ. रजनीश गर्ग, श्रवण सिंघल, सन्नी कोरी, तुषार, वासु, अक्षय, मनीष मित्तल, ललित अग्रवाल, अंश, सूर्यांश, वंदित आदि मुख्य रूप से सक्रिय रहे। कल भी यह शिविर जारी रहेंगे। आयोजकों ने महिलाओं से जल्द ही वहां पहुंचने की अपील की है ताकि देर रात के इंतजार से बचा जा सके।





### रामपुर कोर्ट में आजम-अब्दुल्ला के पक्ष में सपा नेता समेत दो ने दी गवाही

**रामपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** दो पैन कार्ड मामले में जेल में बंद सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम के पक्ष में शाहबाद के सपा नेता समेत दो लोगों ने कोर्ट में पेश होकर गवाही दी। दोनों की गवाही पूरी होने के बाद कोर्ट ने सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत तीन गवाहों को पेश होने के आदेश दिए हैं। अब इस मामले की सुनवाई 24 अक्तूबर को होगी। सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड रखने का मामला सिविल लाइंस थाने में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में दर्ज कराया गया था, जिसमें सपा नेता आजम खां को भी नामजद किया गया था। यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में विचाराधीन है। इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीतापुर जेल में बंद सपा नेता आजम खां और हरदोई जेल में बंद उनके बेटे अब्दुल्ला आजम वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट में उनके द्वारा पेश की गई 32 गवाहों की सूची में शामिल सपा नेता हरज्ञान सिंह यादव और जाहिद खां पेश हुए।

### कांवड़ियों के दल को ट्रक ने कुचला, पांच की मौत; बांका में हादसा, कई गंभीर

**बांका, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** बांका में कांवड़ियों के झुंड को एक अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया, जिसमें पांच कांवड़ियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गये हैं। घटना फूलीडूमर थाना क्षेत्र के नगरडीह गॉव के पास की है। सभी श्रद्धालु सुल्तानगंज से जल भरकर गौर नाथ महादेव मंदिर जा रहे थे। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया है।

### 18 माह बाद तिहाड़ से बाहर आए सत्येंद्र जैन

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसी)। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन शुक्रवार रात तिहाड़ जेल नंबर सात से बाहर निकल गए। राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें इस मामले में जमानत दे दी है। सत्येंद्र जैन को अदालत से जमानत मिलने की सूचना मिलते ही उनके समर्थक तिहाड़ जेल के सामने जुटने लगे थे। सभी अपने नेता के बाहर निकलने का इंतजार करते हुए ढोल नगाड़ा बजाते हुए इसपर थिरकते हुए दिखे। साथ ही वह आपस में मुंह मीठा कर रहे थे।

इस बीच अदालत का आदेश जेल प्रशासन को मिला। उसके बाद जेल प्रशासन ने कागजी कार्रवाई शुरू कर दी। करीब आठ बजे दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह एक ही कार में सवार होकर तिहाड़ जेल के गेट पर पहुंचे। अपने नेताओं को देखकर समर्थकों में जोश आ गया। समर्थकों ने वहां जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। इससे पहले ही पश्चिम जिला पुलिस जेल के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए थे। भारी संख्या में पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया था। पुलिस ने जेल के गेट पर बैरिकेडिंग कर रखी थी। रात करीब सवा आठ बजे सत्येंद्र जैन जेल से बाहर निकले। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसी बीच सिसोदिया ने जैन को गले से लगा लिया।

## दस-दस हजार के ईनामी दो शातिर मुठभेड़ में दबोचे

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** थाना खतौली पुलिस ने मुठभेड़ में दो शातिर गौकशों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस मुठभेड में एक अभियुक्त घायल हो गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त 10-10 हजार के इनामी तथा थाना खतौली से वाँछित अपराधी हैं। उनके कब्जे से अवैध शस्त्र, गौकशी के उपकरण तथा स्कूटर बरामद हुआ है। पुलिस ने खतौली गंगनहर पटरी पर मुठभेड़ में दो शातिरों को दबोचा है। देर शाम पुलिस गंग नहर पटरी पर बर्फखाने के पास चैकिंग कर रही थी । तभी स्कूटर पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। उसे रुकने का इशारा किया गया परन्तु स्कूटर सवार ने स्कूटर को तीव्र गति से वापस मोड दिया तथा भागने लगे । थाना खतौली पुलिस द्वारा स्कूटर सवार का पीछा किया गया तथा कुछ दूर चलने के बाद स्कूटर तीव्रगति होने के कारण असंतुलित होकर गिर गया। बदमाश द्वारा खुद को पुलिस टीम द्वारा घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी जिसमें पुलिस टीम बाल-बाल बची। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश शाबाज घायल हो गया । उसे उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। थाना खतौली पुलिस द्वारा एक अन्य शातिर गौकश अभियुक्त फरमान को पुलिस मुठभेड़ से पूर्व गिरफ्तार किया गया । दोनों अभियुक्तों पर थाना खतौली से 10-10 हजार का ईनाम घोषित है।



### हाथ-पैर बांधकर युवक को बेरहमी से मौत के घाट उतारा

**शामली, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** गांव पेलखा के निकट सड़क किनारे 35 वर्षीय राज मिस्त्री की हत्या कर शव फेंक दिया गया। मृतक के हाथ पैर बंधे हुए थे। उसकी पहचान जिला बागपत के बड़ौत निवासी इमरान के रूप में हुई, जो दो दिन पहले लापता हुआ था। उसकी गुमशुदगी बड़ौत थाने पर दर्ज है। शुक्रवार देर शाम पुलिस को पेलखा गांव के निकट सड़क किनारे युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। गढ़ीपुख्ता पुलिस मौके पर पहुंची। एएसपी संतोष कुमार सिंह और सीओ थानाभवन श्रेष्ठा ठाकुर भी पहुंची। एएसपी ने बताया कि मृतक के हाथ पैर बंधे हुए थे। उसके पास से कीपैड का मोबाइल और दस रुपये मिले हैं। शव की हालत देखकर लग रहा है कि उसकी हत्या कहीं और की गई और शव को यहां फेंक दिया गया। शव सड़ी गली अवस्था में था। मृतक के पास मिले मोबाइल की मदद से उसकी पहचान इमरान पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला किदवई नगर बड़ौत बागपत के रूप में हुई।

## बुर्के वाली महिलाओं ने हावड़ा एक्सप्रेस से दो साल की बच्ची को किया अगवा

**सहारनपुर, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** धामपुर में शादी समारोह से घर लौट रहे दंपती की दो साल की बेटी का हावड़ा एक्सप्रेस से अपहरण कर लिया गया। उस समय दंपती सो रहे थे, जब महिला की आंख खुली तो देखा कि उनकी बेटी गायब है। रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जीआरपी ने अपहरण का केस दर्ज तलाश शुरू कर दी है। हारुन खान पुत्र काले खान निवासी ग्राम गोसपुरा जिला मलेर कोटला पंजाब अपनी पत्नी नेहा खातून के साथ धामपुर में बुआ की बेटी की शादी में आया था। बृहस्पतिवार की रात 11 बजे दोनों धामपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। वहां से पंजाब अपने घर जाने के लिए जनरल का टिकट लिया और ट्रेन नंबर 13005 हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस में सवार हो गए। रात करीब 12 बजे दोनों को नींद आ गई। ट्रेन रात में करीब 1:45 बजे सहारनपुर पहुंची। इसी दौरान नेहा खातून की आंख खुल गई। अपने पास बेटी नयारा के नहीं होने से घबरा गई और पति हारुन को उठाया। दोनों ने पूरे कोच में बेटी की तलाश की। अन्य यात्रियों से भी पूछा, लेकिन कहीं पर भी बेटी नहीं मिली। इसके बाद हारुन और नेहा खातून जीआरपी थाने पहुंचे और बेटी के गायब होने की जानकारी दी। पता लगते ही जीआरपी और आरपीएफ ने मिलकर सीसीटीवी फुटेज खंगाली। जीआरपी ने अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी है। घटना का पता लगते ही अन्य परिजन भी रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। हारुन पंजाब में फूल बेचने का काम करता है। उसकी शादी तीन साल पहले हुई थी। बेटी की याद कर मां नेहा बार-बार बेसुध हो रही है।

**दुकान बिकाऊ है**



8x32= 28 गज में बनी दो दुकानें छत सहित बिकाऊ हैं। दोनों दुकानों को साथ भी खरीदा जा सकता है।

पेन्ट, सैनेट्रीवेयर, प्लाईवुड और हार्डवेयर के लिये उपयुक्त

लोकेशन- लोहिया बाज़ार वाली गली, बजरंग हार्डवेयर के सामने, निकट मेरठ रोड, मुज़फ़्फ़रनगर

पीयूष जैन 9837609309
श्रीकांत 9758337229

### दिल्ली में मां-बेटे की जलकर मौत, अलग-अलग बाथरूम में मिले दोनों के शव

**नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** दिल्ली के फर्श बाजार के भोलानाथ नगर में शुक्रवार सुबह पांच मंजिला इमारत के एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग में मां-बेटे की झुलसकर मौत हो गई। वहीं परिवार के चार सदस्य मामूली रूप से घायल हो गए। शुरूआती जांच में पता चला है कि आग एयर कंडीशनर का आउटडोर फटने से लगी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की छह गाड़ियों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। मृतकों की शिनाख्त शिल्पी गुप्ता व इनके 16 वर्षीय बेटे प्रणव के रूप में हुई है। प्रणव दसवीं कक्षा का छात्र था। महिला के पति मनीष गुप्ता, ससुर कैलाश गुप्ता (72), सास भगवती गुप्ता (70) व 19 वर्षीय बेटे पार्थ को डॉ. हेडगेवार अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उन्हें जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया है। क्राइम व एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य लिए हैं। फर्श बाजार थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**शेष - लोहिया बाजार के लोगों ....**

मामले का कवरेज दिखाया। देर शाम लोहिया बाजार वासियों ने इस कार्य के लिए बुलेटिन का धन्यवाद दिया। आमजन ने कहा कि यदि दोबारा उक्त क्षेत्र में ई रिक्शाएं अधिक संख्या में प्रशासन ने जाने दी तो वह फिर सड़कों पर आएगा और बुलेटिन टीम को साथ लेकर पुरजोर ढंग से अपनी आवाज शासन प्रशासन तक पहुंचायेगा।

# पालिका कूड़े से कमाई करने की दिशा में बढ़ेगी अब आगे

## हर दिन निकल रहा 250 टन कूड़ा, फर्म देगी पालिका में आधी कमाई

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** पालिका परिषद् की ओर से अब कूड़े से कमाई करने की दिशा में कार्य योजना अंतिम दौर की ओर है। इसके तहत पालिका क्षेत्र से हर दिन निकलने वाले कूड़े की छंटनी कराने के बाद में शेष बचे कूड़े का निस्तारण होगा और उससे निकलने वाली तमाम उपयोगी चीजें बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित होगी। इसके लिए एमआरएफ सेंटर को सोलिड वेस्ट ट्रांसफर सेंटर के रूप में विकसित कर, इसे ठेके पर संचालित कराने के साथ कूड़े से होने वाली कमाई में से आधी कमाई ठेकेदार फर्म पालिका को अदा करेंगी।

पालिका शहर को कूड़ा व गंदगी से निजात दिलाने की दिशा में काम कर रही है। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा इसके लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था को सुचारू बनाने को नई दिल्ली की कंपनी एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फेसिलिटी प्रा. लि. के साथ करार करते हुए कूड़ा निस्तारण कार्य शुरू है। जिसके तहत शहर में गन्दगी से मुक्ति के साथ कूड़ा डलावघरों की समस्या से जनता को निजात मिली और कूड़ा निस्तारण व्यवस्था में सुधार हुआ। इस कड़ी में चेयरपर्सन ने शहर के कूड़ा डलावघरों को बंद कराने की योजना पर काम करने के साथ 13 कूड़ा डलावघर बंद करा चुकी हैं। इस कड़ी के दूसरे चरण में अब कूड़े से कमाई करने की योजना पर काम शुरू किया है। पालिका द्वारा इसके लिए रुड़की चुंगी के पास एमआरएफ सेंटर बनवाया है, जिसे जल्द चालू कराने की कवायद जारी हैं, इसमें भवन निर्माण के बाद मशीनरी स्थापित कराने की कार्यवाही चल रही है। इसके लिए टैंडर हो गया था, जिसमें 16 लाख 97 हजार 600 रुपये लागत से चार मशीनें स्थापित करने के लिए ठेकेदार फर्म ने काम शुरू कर दिया है। करीब एक माह में इन मशीनों की स्थापना के साथ इनकी रनिंग कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। इसके बाद एमआरएफ सेंटर को ठेके पर सोलिड वेस्ट सेग्रीकेशन का कार्य प्रारंभ होगा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि हम शहर से निकलने वाले कूड़े को पालिका की आय बढ़ाने का स्रोत बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इसमें एमआरएफ सेंटर को ठेके पर देकर सोलिड वेस्ट सेग्रीकेशन कार्य कराकर कूड़े का निस्तारण कराने के साथ ही इससे निकलने वाली उपयोगी चीजों को बेचा जायेगा। यह योजना सही साबित हुई तो आने वाले दिनों में शहर में कूड़ा गंदगी नजर नहीं आयेगी। इसका उचित निस्तारण होने के साथ कूड़े से पालिका की आय में बढ़ोतरी होगी।

## अभिलेखागार लिपिक को भेजा प्रभारी ईओ ने नोटिस

**मुजफ्फरनगर, 18 अक्टूबर (बु.)।** नगरपालिका परिषद् के अभिलेखागार लिपिक को प्रभारी ईओ द्वारा अपूर्ण जानकारी देते हुए सम्पत्ति नकल दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराने के आरोप में नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह के मेडिकल लीव पर चले जाने के बाद वर्तमान में उनका चार्ज जलकल अभियंता सुनील कुमार पर था, लेकिन वो भी 16 अक्टूबर से जरुरी बैठक के लिए लखनऊ चले गए। इस बीच नगर पालिका के प्रभारी ईओ के रूप में एई निर्माण अखण्ड प्रताप सिंह पालिका के प्रशासनिक कार्यों को देख रहे हैं। उन्होंने अभिलेखागार के लिपिक तनवीर आलम को नोटिस जारी किया है। आरोप है कि लिपिक द्वारा अपूर्ण जानकारी देते हुए उनसे नकल संबंधित उक्त दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराने का कार्य किया है। जारी नोटिस में कहा गया कि 17 अक्टूबर को लिपिक तनवीर आलम ने नकल संबंधी दस्तावेजों पर उनके हस्ताक्षर प्रभारी ईओ के रूप में कराये गये, ये कार्य उनको गुमराह करने के साथ अपूर्ण जानकारी देकर कराया है। उधर, लिपिक तनवीर आलम ने बताया कि कर अधीक्षक के द्वारा किये जा रहे अभिलेखागार के कार्यों को पालिका चेयरपर्सन द्वारा परिवर्तित करते हुए ईओ को दे दिया, जबकि 4 अक्टूबर को चेयरपर्सन द्वारा जारी आदेश में नकल संबंधी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए जलकल अभियंता सुनील कुमार को अधिकार दिया गया।

### मोदी आज करेंगे राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का शुभारंभ

**नई दिल्ली, 18 अक्टूबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 'कर्मयोगी सप्ताह' राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का शुभारंभ करेंगे इसका उद्देश्य सिविल सेवकों के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकास की दिशा में नई गति प्रदान करना है। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से साझा की गई है। राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन होगा, जो सिविल सेवकों के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकास की दिशा में नई गति प्रदान करेगा। 'मिशन कर्मयोगी' सितंबर 2020 में शुरू किया गया था, और तब से इसने काफी प्रगति की है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार पर आधारित भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा की कल्पना की गई है। यह पहल सीखने और विकास के लिए एक नई प्रतिबद्धता को प्रेरित करेगी। बयान में कहा गया है कि एनएलडब्ल्यू का उद्देश्य "एक सरकार" का संदेश देना, सभी को राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ जोड़ना और आजीवन सीखने को बढ़ावा देना है।